वर्ष 24, अंक 306, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 13 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## राष्ट्र के नाम पीएम मोदी का संदेश

## पाक के खिलाफ भारत का एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है'



- हमारी सेना ने आतंकवादियों का मनोबल तोड़ा
- राष्ट्र सर्वोपरि होता है, तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं
- आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमने आतंक के हेडक्वार्टर्स उड़ा दिए
- पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गई-
- ऑपरेशन सिंदूर देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है
- पहलगाम में निर्दोष नागरिकों के साथ हुई बर्बरता मेरे लिए बहुत बड़ी पीड़ा थी
- देश चाहता था आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो
- आतंकवादियों को खत्म करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को पूर्ण अधिकार दिए गए हैं-
- हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन
- ऑपरेशन सिंदूर को भारत की हर बेटी, बहन, मां के नाम

# 'पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते'

**नई दिल्ली**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव और 7 मई से 10 मई तक चली सैन्य गतिविधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को संबोधित कर रहे हैं. उनका यह संबोधन ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देशों ने जमीन, हवा और समुद्र में सभी सैन्य हमलों को रोकने के लिए आपसी सहमति जताई है. यह युद्धविराम भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद हुआ है. भारत ने 7 मई की सुबह पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था. इस ऑपरेशन के दौरान कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए.

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी ने पिछले कुछ दिनों में देश की क्षमता और धैर्य को देखा है। मैं सशस्त्र बलों, सेना, खुफिया एजेंसी और वैज्ञानिकों को सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया है। मैं उनकी वीरता, उनके साहस, उनके पराक्रम को आज हमारे देश की हर माता, बहन और बेटी को समर्पित करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई, उसने देश और दुनिया को हिलाकर रख दिया है। जो निर्दोष लोग छुट्टी मना रहे थे, उन्हें उनके परिवारों के सामने, उनका धर्म पूछकर मार दिया गया। उन्होंने कहा कि हमने

**आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत इतना बड़ा कदम उठाएगा**

आतंकवादियों का सफाया करने के लिए भारतीय सेना को पूरी आजादी दी है और आज हर आतंकवादी, हर आतंकवादी संगठन जानता है कि 'हमारी बहनें, बेटियों के माथे से सिन्दूर हटाने का अंजाम क्या होता है'। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमला आतंकवाद का सबसे बर्बर चेहरा था; यह मेरे लिए व्यक्तिगत पीड़ा थी। हमने सशस्त्र बलों को आतंकवादियों को मिट्टी मिलाने की पूरी छूट दी।

मोदी ने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर समाज, हर वर्ग, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए देश की सेनाओं को खुली छूट दे दी। आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों-बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी स्थलों पर हमला किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत इतना बड़ा कदम उठाएगा। जब भारतीय मिसाइलों और ड्रोनों ने पाकिस्तान में उन स्थलों पर हमला किया, तो न केवल आतंकवादियों की इमारतें नष्ट हुईं, बल्कि उनके साहस को भी कुचला गया।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सिर्फ नाम नहीं है, ये देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है।

ऑपरेशन सिंदूर, न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पाकिस्तान के आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर अपने हमले रोक दिए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय वीरों को हाथ जोड़कर नमन

**नई दिल्ली**

**भले** ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया हो लेकिन अभी भी भारतीय सेना पूरी तौर से चौकन्नी हैं, क्योंकि पाकिस्तान दोगला है। वह अपनी हरकत से बाज नहीं आता है। पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी के साथ कहा गया है कि अगर फिर से कोई नापाक हरकत की गयी तो सीधा युद्ध होगा। पहलगाम में हुए हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी अपने सोशल मीडिया से दी थी। भारतीय वीर कैसे बॉर्डर पर पाकिस्तान की कोशिशों को ध्वस्त कर रहे थे अपने जान की परवाह किए बिना,

**ये हैं तभी हम है... जय हिंद, जय भारत**

यह भारत की सेना और सुरक्षा बल की ताकल को दशार्ता है। इस दौरान कुछ भारतीय सेना के और भारतीय सुरक्षा बल के सैनिकों ने देश की रक्षा के लिए अपनी जान को न्योछावर कर दिया। आइए उन्हें याद करते हैं-

जम्मू कश्मीर में आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी के दौरान शहीद हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पटना लाया गया। इस दौरान शहीद के बेटे इमरान रजा हवाई अड्डे पर चुपचाप खड़े रहे। उपनिरीक्षक मोहम्मद इम्तियाज जम्मू कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात थे। इमरान रजा ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, मुझे अपने पिता पर गर्व है और मैं उन सभी को सलाम करता हूं, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा, मेरे पिता बहुत मजबूत व्यक्ति थे। मैंने उनसे आखिरी बार 10 मई (शनिवार) को सुबह साढ़े पांच बजे बात की थी। उनके दाहिने पैर में चोट लगी थी।

## हमने न्यूक्लियर वॉर को रोका, मुझे गर्व है

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि शनिवार को मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल युद्धविराम कराने में मदद की, मुझे लगता है कि यह स्थायी युद्धविराम होगा - जिन देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत और पाकिस्तान का नेतृत्व अडिग और शक्तिशाली था, लेकिन दोनों मामलों में अडिग - वे वास्तव में स्थिति की गंभीरता को पूरी तरह से जानने और समझने के लिए शक्ति, बुद्धि और धैर्य रखने के दृष्टिकोण से अडिग थे। और हमने बहुत मदद की, और हमने व्यापार में भी मदद की। मैंने कहा चलो, हम आपके साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। इसे रोकते हैं, इसे रोकते हैं।

यदि आप इसे रोकेंगे तो हम व्यापार करेंगे। यदि आप इसे नहीं रोकेंगे तो हम कोई व्यापार

**ट्रंप ने फिर लिया भारत और पाक का युद्ध रुकवाने का क्रेडिट**

नहीं करेंगे। लोगों ने कभी भी व्यापार का उस तरह से उपयोग नहीं किया जैसा मैंने किया। मैं आपको बता सकता हूं कि अचानक उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें रुकना चाहिए और उन्होंने ऐसा किया। हमने परमाणु संघर्ष को रोका। मुझे लगता है कि यह एक बुरा परमाणु युद्ध हो सकता था। लाखों लोग मारे जा सकते थे। मैं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को उनके काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

ट्रंप ने कहा कि हम पाकिस्तान के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। हम भारत के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम जल्द ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं।



## 'युद्ध कोई रोमांटिक हिंदी फिल्म नहीं है, यह विनाश है'

**नई दिल्ली**

**पूर्व** सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता के निलंबन पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि युद्ध न तो रोमांटिक है और न ही सिनेमाई।

शहर में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (पुणे चैप्टर) के हीरक जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए जनरल नरवणे ने कहा, ह्लजब वास्तव में युद्ध छिड़ता है, तो मौत और विनाश होता है। इसकी अपनी लागत होती है, पुनर्निर्माण की



लागत के साथ-साथ खोए गए उपकरणों की लागत भी होती है ह्व युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के फैसले पर उठ रहे सवालों की आलोचना करते हुए कहा कि ह्लयुद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है।

उन्होंने रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आदेश मिलेगा तो वह युद्ध के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता हमेशा कूटनीति रहेगी। नरवणे ने कहा कि जब रात में गोले गिरते हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, खासतौर पर बच्चों को शरण स्थलों की ओर भागना पड़ता है, तो वह अनुभव उनके मन में गहरी वेदना छोड़ता है।

## पाप का घड़ा भर चुका... पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का दिया जाएगा उचित जवाब

**नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बीच भारतीय सशस्त्र बलों ने कहा कि वे युद्ध के लिए तैयार हैं और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का उचित जवाब दिया जाएगा। भारतीय सशस्त्र बलों ने सोमवार को दोहराया कि भारत में सभी सैन्य अड्डे सुरक्षित हैं और भारत की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि हमारे सभी




सैन्य अड्डे, हमारी सभी प्रणालियां पूरी तरह से क्रियाशील हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में किसी भी मिशन को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

भारतीय सेना ने संभावित पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल का मलबा दिखाया है, जो चीन निर्मित है और जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत पर हमले के दौरान किया था। भारत द्वारा मार गिराए गए तुर्की निर्मित क्लूअ और सोंगर ड्रोन का मलबा भी दिखाया गया है।

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि एक अन्य मुख्य आकर्षण आकाश प्रणाली जैसे स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों का शानदार प्रदर्शन था। वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा कि भारतीय नौसेना एक समग्र नेटवर्क बल के रूप में कार्य करती है।

## बारापुला नाले पर अतिक्रमण हटाना जरूरी, एक जून को कार्रवाई की जाएगी: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली- दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मानसून में भीषण जलभराव को रोकने के लिए बारापुला नाले की सफाई की आवश्यकता जताते हुए एक जून से मद्रासी कैंप को ध्वस्त करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के अलावा विस्थापित लोगों को नरेला में बसाने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने नौ मई को अपने आदेश में कहा, ह्लअतिक्रमण हटाने की कार्रवाई व्यवस्थित तरीके से की जानी चाहिए।

## विजयन ने भूस्खलन पीड़ितों के समय पर पुनर्वास का आश्वासन दिया

**केरल**

**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने वायनाड में भूस्खलन से बचे लोगों के लिए पुनर्वास पहल को समय पर पूरा करने का सोमवार को आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान के अनुसार, विजयन ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित लोगों के आवास का मासिक किराया तत्काल प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

यह निर्देश वायनाड के मुंडक्कई और चूरलमाला बस्तियों के बचे लोगों के लिए प्रस्तावित टाउनशिप पर निर्माण कार्य की प्रगति का आकलन करने के लिए आयोजित एक बैठक के दौरान जारी किया गया। पिछले साल भूस्खलन से इन क्षेत्रों में भारी तबाही मची थी। बयान में कहा गया है कि टाउनशिप




के निर्माण के लिए प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय मंजूरी प्राप्त करने को लेकर समयसीमा तय की गई है। बैठक के बाद विजयन के हवाले से बयान में कहा गया, ह्लह्लमुंडक्कई और चूरलमाला में भूस्खलन से प्रभावित लोगों का पुनर्वास समय पर पूरा कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान, विजयन ने अधिकारियों को पेड़ों की कटाई, बिजली वितरण प्रणालियों के पुनर्गठन और अन्य संबंधित कार्यों से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने का भी निर्देश दिया।

बयान में कहा गया है कि विजयन ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से सहायता उपलब्ध कराने, अधिकारियों की तैनाती करने तथा जल प्रवाह को सुचारू बनाने के लिए जलाशयों से मलबा हटाने के संबंध में कदम उठाने में तेजी लाने के निर्देश दिए।

सीएमओ के बयान में कहा गया है कि बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा कैबिनेट मंत्री के राजन और के एन बालगोपाल, मुख्य सचिव ए जयतिलक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक बोले, 'मेरे खिलाफ...'

**जम्मू कश्मीर**

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक्स पर कहा कि बहुत सारे लोग उन्हें सोशल मीडिया पर टारगेट कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में झुकना नहीं सीखा है. उन्होंने कहा कि वो बागी हो सकते हैं लेकिन गद्दार नहीं हो सकते.

'मैंने अपने जीवन में कभी झुकना नहीं सीखा'

अपने पोस्ट में सत्यपाल मलिक ने लिखा, "नमस्कार साथियों. बहुत




से लोग मुझे सोशल मीडिया पर टारगेट कर रहे हैं, अनाप शनाप मेरे खिलाफ लिख रहे हैं. मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उस किसान कौम का बेटा हूं. मैं बागी हो सकता हूं लेकिन गद्दार होना मेरी फितरत में नहीं है. मैंने मेरे जीवन में झुकना नहीं सीखा सत्ता पक्ष से मेरे आज भी वही सवाल हैं."

नमस्कार साथियों। बहुत से लोग मुझे सोशल मीडिया पर टारगेट कर रहे हैं, अनाप शनाप मेरे खिलाफ लिख रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उस किसान कौम का बेटा हूं मैं बागी हो सकता हूं लेकिन गद्दार होना मेरी फितरत में नहीं है। मैंने मेरे जीवन में झुकना नहीं सीखा सत्ता पक्ष से बता दें।

# आर्थिक तंगी ने छीन ली रोजगार सेवक की जिंदगी

## 8 महीने से नहीं मिला मानदेय, अवसाद ग्रस्त रोजगार सेवक की ब्रेन हेमरेज से हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** आठ माह से मानदेय न मिलने के कारण अवसाद ग्रस्त ग्राम रोजगार सेवक की सोमवार ब्रेन हेमरेज से इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पहले से ही दिब्यांग ग्राम रोजगार सेवक का इलाज काफी दिनों से चल रहा था। जिससे घर में आर्थिक तंगी के साथ -साथ रोजगार सेवक के ऊपर काफी कर्ज भी हो गया था। प्रयागराज जनपद के बहादुरपुर विकास खण्ड के जमुनीपुर गांव निवासी दिलीप कुमार भारतीया 45 पुत्र स्व रामकिशुन भारतीया गांव में ही पिछले 18 वर्षों से मनरेगा योजना के संचालन के लिए ग्राम रोजगार सेवक के पद पर तैनात था। काफी दिनों से बीमार होने के कारण सोमवार को ब्रेन हेमरेज से दिलीप कुमार की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही जनपद के सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवक मृतक रोजगार सेवक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पटेल ने बताया की मृतक ग्राम रोजगार सेवक का



रोजगार सेवक दिलीप की असमय मौत पर रोते बिलखते हुए परिजन

आठ महीने से मानदेय बाकी था जिससे घर की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई थी। वहीं अधिकारियों द्वारा लगातार काम का भी दबाव बनाया जा रहा था जिससे रोजगार सेवक अवसाद ग्रस्त हो गया था। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने बताया की दो


मृतक दिलीप भारतीया की फाइल फोटो

बेटियां लाजो व लाडो की पढ़ाई भी पैसों के आभाव में बाधित हो गई थी जिससे मृतक दिलीप हमेशा चिंतित रहा करते थे। संघ के मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने मृतक के परिवार को पच्चीस लाख की आर्थिक सहायता के साथ ही पत्नी को नौकरी देने की मांग सरकार से की। रोजगार की मौत पर संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण यादव, हरिओम प्रकाश, अमरेश कुमार, पंकज सिंह, मानसिंह, राम बहादुर सिंह, अनिल, विकास, पवन, दिलीप, अमरेन्द्र सिंह, लालजी सहित अन्य रोजगार सेवकों ने मृतक रोजगार सेवक के प्रति अपनी शोक संवेदना ब्यक्त की।

## सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, मौत

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** बेटी से मिलने के लिए उसके ससुराल जा रही महिला को सड़क पार करते समय मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई वहीं बाइकसवार बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीए के लिए भेज दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के सलमापुर गांव निवासी श्यामकली पत्नी अर्जुन प्रसाद की की बेटी का घर सावडीह गांव में है। परिजनों ने बताया की श्यामकली दोपहर में सावडीह जाने के लिए निकली थी तभी सोमवार




दोपहर करीब ढाई बजे वह सावडीह गांव के सामने सड़क पार कर रही थी तभी बरना की तरफ जा रही तेज रफ्तार बाइक से टकरा गई। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बाइक की टक्कर से छह वर्षीय मासूम की मौत, मां के साथ जा रहा था मासूम आदित्य

**फूलपुर।** गांव में ही मां के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे मासूम को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मासूम बच्चे को एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत रानीगंज चिरौडा गांव के रामचंद्र सोनकर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की रविवार को उनकी बहू अपने छह वर्ष के बेटे आदित्य को लेकर पड़ोस में हो रहे शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी तभी सड़क पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने मासूम आदित्य को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आदित्य को शहर स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। आदित्य की मौत से मां के साथ ही अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# अवैध दुकानों को स्विफ्ट करने की बनी रणनीति

**सोरांव।** उपजिलाधिकारी सोरांव हीरालाल सैनी की अध्यक्षता में एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव, व्यापार मंडल, नगरपंचायत तथा व्यापारियों के मध्य वेंडिंग जोन को लेकर हुई बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुख्तार और पूर्व सभासद अजीत गुप्ता द्वारा यह सुझाव दिया गया कि वेंडिंग जोन के सामने जेठवारा मार्ग पर लगने वाली समस्त अवैध गुमटियां को हटवाने के बाद ही सभी दुकानें वेंडिंग जोन में एडजस्ट हो पाएंगी। उक्त बैठक में लिए गए निर्देश के क्रम में नगर पंचायत द्वारा अवैध गुमटियां हटवाने हेतु दिनांक 13.5.2025 को नोटिस जारी किया गया है। कुछ लोग अपने स्वार्थ या दूसरे के बहकावे में आकर अनाप शनाप वक्तव्य सोशल मीडिया के माध्यम से दे रहे हैं। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सोरांव से वार्ता हुई। उपजिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रथम चरण में आराजी नंबर 70 और 71 में फुटपाथ की समस्त दुकानें शिफ्ट की जाएंगी। जिसमें आने वाली समस्त बाधाओं / समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। गुमटी वाले दुकानदारों से वार्ता के लिए उपजिलाधिकारी द्वारा एक बैठक शीघ्र ही आगामी 3 से 4 दिनों में पुलिस चौकी लालगोपालगंज पर आहुत की जाएगी।

## तालाब में डूबने से छात्र की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा नगर पंचायत के मोहल्ला कजियाना कला (कप्तान का पूरा)निवासी मोहम्मद जफर के यहां जिला जौनपुर के बादशाहपुर से उनके भांजे आए हुए थे। बताया गया है कि सोमवार को दोपहर में आतिफ 15 वर्ष और बडा भाई आकिब आजमपुर स्थित पक्का तालाब में नहाने चले गए। जहां आतिफ तालाब में डूबने लगा जब बचाने के लिए बडा भाई आकिब गया तो देर हो गई थी। जिससे आतिफ 15 वर्ष पुत्र बबलू को लोगों ने तालाब से निकाला और परिजन शव लेकर बादशाहपुर चले गए। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सैनिकों ने देश का गौरव और आत्मसम्मान बढ़ाया : अशफाक अहमद

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में सैदाबाद शहीद स्थल पर भारतीय सेना के शौर्य एंव सम्मान में उन सैनिकों एंव निर्दोष नागरिकों जो शहीद हुए उनकी याद में दीपक जलाकर वीरगति को सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अशफाक अहमद ने कहा कि हम उन शहीदों की याद में जिन्होंने देश हित के लिए देश के सम्मान और रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करके देश की सीमा की रक्षा की है। देश का गौरव और आत्म सम्मान बढ़ाया है। देश के सैनिकों की बहादुरी साहस और शौर्य पराक्रम से हम सभी को प्रेरणा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए सदैव देश की रक्षा में तत्पर रहना चाहिए। यह तभी संभव है जब हम सब एक रहकर जाति धर्म



शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

संप्रदाय से ऊपर उठकर देश हित के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाकर तन,मन,धन से काम करें। शहीदों को श्रद्धांजलि देने वाले लोगों ने एक दीपक उन वीर शहीदों के नाम अर्पित किया। जिन्होंने देश के लिए सीमा पर लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उपस्थित लोगों ने शहीदों एंव नागरिकों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश त्रिपाठी, शरद उपाध्याय मुन्ना, वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, इश्तियाक अहमद, महेंद्र प्रताप सिंह, भोला तिवारी, संतोष पाल, पुष्पेन्द्र भारतीया, हरिभान सिंह सिंगरौर, राधा रमण यादव, आयूष, संजय भारतीयता, महेश गौतम, लवकुश मिश्रा, अनुपम श्रीवास्तव, सुनील पाण्डेय, मुमताज अली, भारत भूषण श्रीवास्तव, दयाराम मिश्रा, बाबा मिश्रा, विकास यादव सहित आदि उपस्थित रहे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप, तहरीर

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी तेलियरगंज स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। जब उसकी बेटी घर से स्कूल के लिए जाती है। तो गांव का ही एक युवक उसके साथ अश्लील हरकत का प्रयोग करते हुए अपशब्दों का प्रयोग कर छींटाकसी व छेड़खानी करता है। इतना ही नहीं पीड़ित ने सोरांव थाने पर सोमवार को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि आरोपी युवक उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर दुष्कर्म भी किया है। जिसकी शिकायत आरोपी युवक के परिजनों से किया तो आरोप है कि गाली गलौज और मारपीट पर आमादा फसाद है। किशोरी के पिता ने थाने पर शिकायती पत्र देकर मुकदमा लिखवाने की मांग किया है।

# चलती ट्रक बनी आग का गोला चालक ने कूद कर बचाई जान

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सहसों अंदावा मार्ग पर सोमवार की दोपहर अचानक चलती हुई एक ट्रक आग का गोला बन गई सड़क किनारे चालक ट्रक को खड़ी कर किसी तरह अपनी जान बचाई। ट्रक से उठती आग की लपटें देख लोगो मे अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने बताया कि मुट्ठीगंज के राजकुमार जायसवाल की ट्रक जौनपुर माल लेकर गई थी सोमवार की दोपहर लौटते वक्त झूंसी थाना क्षेत्र के सहसों अंदावा मार्ग पर कसेरूआ कला गांव के सामने अचानक ट्रक के अगले हिस्से से धुआं उठा जब तक चालक कुछ समझ पाता इंजन से आग की लपटें निकलने लगी ट्रक चालक विवेक कुमार ट्रक को सड़क किनारे


ट्रक में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी

खड़ी कर ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। ट्रक से उठी रही आग की लपटें देख मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक भी डर गई और कोई भी आगे जाने का साहस नहीं कर पाया जिसकी वजह से मार्ग पर कुछ समय के लिए आवा गमन बाधित हो गया था।

## पुलिस ने परचून कारोबारी से हुई लूट के मामले में अज्ञात में दर्ज किया मुकदमा

**मऊआइमा।** शनिवार की रात अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा परचून कारोबारी से लाखों की हुई लूट के मामले में भक्त भोगी ने तहरीर दी थी।जिस में पुलिस अज्ञात बदमाशो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बदमाशो के तलाश में जुट गई है। मालूम हो कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के महमदपुर सराय अली जोगापुर ब्लाक बाजार निवासी उमेश चन्द्र पुत्र राम लखन ब्लाक बाजार में परचून की दुकान चलाते हैं।कुछ ही दूर पर उनका माकान भी है। बताया गया है शनिवार को देर शाम उमेश चन्द्र अपनी दुकान बंद कर बिक्री का एक लाख दस हजार रुपए और दुकान की चाभी तथा जरूरी कागजात झोले में रख कर पैदल घर जारहे थे । जैसे वह थोडी दूर पहुंचे ही थे कि पीछे से तमंचा लहराते हुए तीन बाइक सवार बदमाशों ने झोला छीन कर भागे पीछे पीछे शोर मचाते हुए उमेश चन्द्र और अन्य लोग भी दौडे बताते हैं कि बदमाशों ने यह धमकी दी कि यदि नजदीक आए तो गोली मार देंगें।और बदमाश विकास खंड कार्यालय की ओर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश की परन्तु खाली हाथ वापस लौट आयी। सोमवार को मऊआइमा पुलिस ने उमेश चन्द्र की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# शंकरगढ़ क्षेत्र में विद्युत विभाग का चला विशेष अभियान, 9 उपभोक्ताओं पर एफआईआर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व वसूली बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को शंकरगढ़ क्षेत्र के रानीगंज, पगुवार, तालापार और मोदीनगर में विशेष सघन अभियान चलाया गया। ये सभी क्षेत्र अधिक लाइन हानि वाले हॉट स्पॉट क्षेत्रों में शामिल हैं।

अभियान के तहत गठित तीन टीमों ने कुल 81 परिसरों की जांच की, जिनमें कई अनियमितताएं पाई गईं। अभियान के दौरान 21 उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित भार से अधिक विद्युत उपयोग किया जाना पाया गया, जिससे कुल 25 प्रतिशत भार में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, 5 उपभोक्ताओं के फर्जी संयोजन पकड़े गए और 9 उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। 3 उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदले गए, जबकि 31 उपभोक्ताओं पर कुल 3.5 लाख रुपये का बकाया



पाया गया, जिसके चलते उनके संयोजन विच्छेदित कर दिए गए। इसके अलावा 16 उपभोक्ताओं से मौके पर ही 1.31 लाख रुपये की वसूली की गई और 5 बकायेदारों के संयोजन भी काटे गए। विद्युत चोरी के आरोप में 9 व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के औचक अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपना विद्युत बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की चोरी से बचें। इस अभियान में डिस्कॉम वाराणसी के अधिशासी अभियंता इं. अजात शत्रु, अधिशासी अभियंता जोन प्रयागराज के इं. संजय कुमार, अधीक्षण अभियंता मंडल प्रथम के लोकेश चंद्र बुंदेला, उपखंड अधिकारी शंकरगढ़ भगवंत सिंह, अवर अभियंता अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लापरवाही : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का उपहार तुरंत, लेकिन अनुदान में विलंब

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना विधवा वृद्धा पेंशन योजना के काफी समय से नहीं मिल रहा लाभ

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत संपन्न होने वाले आयोजन में काफी विलंब से मिलने वाला विवाह अनुदान से वधू पक्ष के लोगों को दिक्कतें और आपत्तियां हो रही हैं। जिसकी शिकायतें मुख्यमंत्री जी से की गई है। साथ ही राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा विधवा वृद्धा पेंशन योजना के लाभ काफी लाभार्थियों को दो दो डेढ़ साल से नहीं भेजा जा रहा है जिससे लाभार्थियों में असंतोष व्याप्त है।

आरोप है कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उक्त योजनाओं का लाभ त्वरित और समयंतर्ग न दिए जाने का निर्देश है किंतु विभागीय स्तर से काफी विलंब किया जाता है जिससे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समय से न मिलने से काफी दुखी हैं।

दरअसल पूरे जमुनापार का एक मई को कोरांव में सामूहिक विवाह का आयोजन रखा गया था जिसमें विधायक कोरांव राजमणि कोल आदि



भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे किंतुआज तक विवाह अनुदान सहायता राशि पुत्रियों के खातो में नहीं भेजी गई।

इसी तरह दो साल से ले कर एक साल तक के ऑनलाइन राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा विधवा, वृद्धा पेंशन योजना का पैसा साल दो साल से किसी त्रुटि के कारण नहीं आ रहा जिससे विधवा वृद्धा लोग आस लगाए बैठे हैं। आरोप यह भी है कि जानबूझ कर लिपिक लोग लाभार्थियों के खातों में राशि नहीं भेज रहे है।

जिला अधिकारी प्रयागराज एवं मुख्य मंत्री जी से लाभार्थियों ने आम जनों, ग्राम्य जन प्रतिनिधियों, आदि ने मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना की राशि तथा साल भर से अधिक रुके राष्ट्रीय पारिवारिक योजना तथा पेंशन योजना के लाभ लाभार्थियों के खातों में भेजवाए जाने की मांग की है।

# बरसात से पहले नैनी के जमुना नगर गली में पार्षद ने कराई सफाई, नई सीवर व पाइप लाइन डालने की तैयारी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के चक रघुनाथ स्थित जमुना नगर गली में वार्ड संख्या 20 के पार्षद राकेश जायसवाल द्वारा बरसात से पहले सफाई कार्य कराया गया। पार्षद ने स्वयं क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सफाई की गुणवत्ता का जायजा लिया। पार्षद राकेश जायसवाल ने बताया कि राम मंदिर वाली गली में सीवर लाइन बहुत पुरानी हो चुकी है, जिससे बरसात के समय जलभराव की समस्या बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि अब वहां नई सीवर लाइन और पानी की पाइप लाइन डाली जाएगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

पार्षद ने भरोसा दिलाया कि इस बार बरसात में जमुना नगर की गलियों में पानी नहीं भरने दिया


नालियों की सफाई कराते पार्षद

जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम से समन्वय कर कार्य योजना तैयार की जा चुकी है और जल्द ही पाइप लाइन और सीवर लाइन का कार्य शुरू होगा। स्थानीय निवासी कृष्णानंद मिश्रा देवानंद गुप्ता चंद गुप्ता ने पार्षद की सक्रियता की सराहना की है।

# उपमुख्यमंत्री ने भगवान तथागत बुद्ध की प्रतिमा का किया अनावरण

**हमें अपनी सेना पर गर्व, हम सभी अपनी सेना का करते है अभिनंदन : उपमुख्यमंत्री**

अखंड भारत संदेश



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोग



भगवान तथागत बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को तपोवन पार्क, ऑकलैण्ड रोड़, प्रयागराज पहुंचकर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान तथागत बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया तथा दीप प्रज्जवलन करते हुए सबके साथ भगवान बुद्ध की वंदना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विश्व के सबसे बड़े मंच पर कहा था कि हमने संसार को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि जब भगवान बुद्ध धरती पर आये थे, तब बोलचाल की भाषा पाली थी और उनके जितने भी सम्बंधित ग्रंथ है, सब पाली भाषा में लिखे गये है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में स्कालर शोध करते रहते रहे है, लेकिन उनको सरकार की ओर से कोई सुविधा नहीं रहती थी, लेकिन पिछले दिनों पाली भाषा को क्लासिक भाषा का दर्जा देने का काम प्रधानमंत्री जी ने किया है। अब अन्य भाषा की तरह पाली भाषा में भी अध्ययन करने वाले को भी सभी सुविधाएं मिलेगी।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में ही नहीं पूरे विश्व में जिसकी सबसे अधिक पूजा होती है तो वह भगवान तथागत बुद्ध ही हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व में कहीं भी जाये, तो वहां पर भगवान बुद्ध से जुड़ी हुई निशानियां हमें मिलती है। कहा कि उस समय भाषा कोई रही हो, तरीका कोई रहा हो, सबका साथ, साथ विकास, सबका विश्वास को आधार बनाया गया, वहीं आज भी हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश में सबका साथ, साथ विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर विकास के कार्य किए जा रहे है। आज भगवान बुद्ध की जयंती, उनके ज्ञान प्राप्ति एवं महानिर्वाण के अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं और आह्वाहन करता हूं कि हम सब भगवान बुद्ध के उपदेशों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि हमारा देश शांति का पक्षधर है, हम किसी को छेड़ते नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसको छोड़ेंगे भी नहीं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है और हम अपनी सेना का अभिनंदन करते है। इस अवसर पर सांसद फूलपर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधायक चायल पूजा पाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, भास्कर पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आरएएफ में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाया

अखंड भारत संदेश



**फाफामऊ।** सोमवार को 101 आर.ए.एफ कैम्प परिसर में भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और परिवर्तन की पावन स्मृति पर 'बुद्ध पूर्णिमा' का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ एवं सभी अधिकारी गण व कार्मिकों द्वारा माल्यार्पण कर ज्योति प्रज्वलित की गई। इस शुभ अवसर पर बौद्ध अनुयायी भंते धम्म वर्धन जी द्वारा ध्यान व प्रार्थना कराई गई तथा भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए भगवान बुद्ध के उपदेश 'अहिंसा परमो धर्मः का संदेश तथा उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने और जीवन में शांति व सद्भाव बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

इसी क्रम में वाहिनी के कमाण्डेन्ट महोदय ने इस पावन अवसर पर आए सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा उपस्थित जनसमूह को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई व शुभकामनाए दी। तत्पश्चात भगवान बुद्ध के जीवन तथा उनके द्वारा बताए गये मार्ग का स्मरण किया तथा कमाण्डेंट महोदय ने कहा कि ‘स्वयं पर विजय प्राप्त करना सबसे बड़ी जीत है- को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। बुद्ध पूर्णिमा हमें सिखाती है कि प्रेम, करूणा और समानता के मार्ग पर चलकर कर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते है। आइए, इस बुद्ध पूर्णिमा पर हम सभी शांति और करूणा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा बौद्ध अनुयायी भंते धम्म वर्धन जी को उपहार देकर सम्मानित किया गया तदोपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर हरिओम सागर (द्वि.कमा.अधि.), पुर्नवसु तिवारी (द्वि.कमा. अधि.) यज्ञ कुमार सिंह (उप कमाण्डेन्ट), टी. एन सिंह (उप कमाण्डेन्ट), नीरज कुमार (उप कमाण्डेन्ट), आत्माराम यादव (उप कमाण्डेन्ट) एवं अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कार्मिक तथा डॉ० विपिन मौर्य (पूर्व सीएमओ), लल्ला अहिरवार (वरिष्ठ समाजसेवी) उपस्थित रहे।

# विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने हेतु किसान बने जागरूक : कमलेश प्रसाद मिश्र

- शत्रुओं से भर गई है अपनी मिट्टी कार्बन क्रेडिट, पंचमहाभूत खेती से लाभान्वित होंगे किसान-
- नवाचारी फार्मस प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कार्यालय भैंईया में किसानों को जागरूक करने के लिए आयोजित हुई खरीफ गोष्ठी

अखंड भारत संदेश




खरीफ गोष्ठी में किसानो के साथ कंपनी के निदेशक कमलेश प्रसाद मिश्र

**मेजा।** भइयां गांव में स्थित नवचारी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कार्यालय पर खरीफ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कंपनी के निदेशक कमलेश प्रसाद मिश्र ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है। कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ते स्तर से पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में सभी देश अपने -अपने स्तर पर वायुमंडलीय प्रदूषण कम करने के उपाय कर रहे हैं।इस बीच एक नया और प्रभावी आर्थिक विकल्प उभरा है। कार्बन क्रेडिट यह सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का साधन नहीं है बल्कि किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी का अवसर भी है ।कार्बन क्रेडिट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कमलेश द्वारा बताया गया कि जब कोई व्यक्ति या संस्था द्वारा ऐसी तकनीक या प्रणाली अपनाई जाती है जिससे वातावरण में कार्बन डाइ ऑक्साइड या अन्य ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा कम होती है तो उसके हिस्से में एक कार्बन क्रेडिट आता है।१कार्बन क्रेडिट=१टन कार्बन डाइ ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी।यह क्रेडिट ऐसी कंपनियां या देश खरीदते हैं,जो अपने औद्योगिक कार्यों से अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं यानि एक तरफ कोई उत्सर्जन कर रहा है, दूसरी तरफ कोई उसे कम कर रहा है इस तरह संतुलन बनता है पंचमहाभूत की व्याख्या करते हुए कंपनी के संरक्षक श्याम कृष्ण पांडय ने बताया कि यह दिखाई देने वाली समस्त प्रकृति को पंचमहाभूतों ने बनाया है इन पंच महाभूतो को ही हम संक्षिप्त में भगवान कहते हैं। भूमि,गगन, वायु, अग्नि,नीर,(भ,ग,व,अ,न) फसलों में अन्न फल का निर्माण करने का कार्य भी यही पंचमहाभूत करते हैं,बशर्ते हमारे खेत में ये शुद्ध और सजीव रहें। अभी हमारे खेतों की मिट्टी बहुत कठोर हो गई है। मिट्टी में हवा, पानी, पकड़ने की क्षमता रासायनिक खादों की अंधाधुंध प्रयोग से लगभग समाप्त हो गई है।खेत की मिट्टी मित्र जीवाणुओं के बजाय शत्रु किटाणुओं से भर गई है । भूमि माता तत्व है यह बीज को उगाती है, सभी तरह के पोषण देती है,फसल को बढ़ाती है।गगन पिता तत्व है यह पौधे में फूल खिलाता है,फल के अन्दर बीज बनाता है। वायु प्राण तत्व है यह पौधे के हर कोशिका में प्राण ऊर्जा का संचार करता है। अग्नि स्पूर्ति तत्व है यह पौधे के हर कोशिका में प्रकाश संश्लेषण की प्रकृया को पूर्ण करता है।नीर जीवन तत्व है यह पौधे के हर कोशिका का जीवन संपूर्ण करता है, फलों को रस से भरता है ।पंचमहाभूतों को शुद्ध संजीव करते हुए खेती करेंगे तो प्रकृति का पारिस्थितिक तंत्र स्वयंपोषी स्वयंविकासी और स्वयंपूर्ण हो जाता है। प्रकृति का हर जीव स्वस्थ और संपूर्ण जीवन प्राप्त करता है। इसलिए आवश्यक है कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए किसान जागरूक बने। कार्यक्रम स्थल पर अमरनाथ, दिनेश कुमार, रमाशंकर अनुरुद्ध कुमार आदि क?ई किसान उपस्थित रहे।

# नए पुलिस कमिश्नर जोगिंदर कुमार ने ग्रहण किया कार्यभार, अधिकारियों के साथ की बैठक



**प्रयागराज।** प्रयागराज के नए पुलिस कमिश्नर जोगिंदर कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी थानेदारों और राजपत्रित अधिकारियों संग बैठक की। कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नए पुलिस आयुक्त आईपीएस जोगिंदर कुमार प्रयागराज पहुंच गए हैं। सोमवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। 2007 बैच के आईपीएस अफसर जोगिंदर कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मूल रूप से राजस्थान के बाड़मेर जनपद के रहने वाले जोगिंदर कुमार 2016 में मई से अक्तूबर तक प्रयागराज के कप्तान रह चुके हैं। इस दौरान इन्होंने कई सनसनीखेज वारदातों का खुलासा भी किया था। बतौर ट्रेनी आईपीएस अफसर भी वह इलाहाबाद में सेवाएं दे चुके हैं।

## डिप्टी CM बोले- पाकिस्तान दुनिया के सामने गिड़गिड़ा रहा

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश और दुनिया ने देखा कि ड्रोन से भारत के ऊपर हुए हमले का जवाब किस तरह भारतीय सेना ने दिया। कंगाल पाकिस्तान जगह जगह गिड़गिड़ा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सेना अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ बैठक कर युद्ध विराम अपनी शर्तों पर स्वीकार किया। सिंधु जल समझौता बहाल नहीं होगा। सीज फायर तोड़ने पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सर्किट हाउस में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में केशव ने कहा कि चीन सहित कई देश भारत की प्रगति से परेशान हैं। वे युद्ध में उलझाना चाहते हैं लेकिन हम सब सूझ-बूझ के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। हमारा लक्ष्य 2047 में विकसित देश बनना है। 11 मई का दिन देश के लिए खास है। 1998 में देश ने पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण किया था। यह हमारी आत्मनिर्भरता का परिचायक है।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, स्कूटी सवार युवक घायल

- घटना के बाद भाग रहे कार चालक ने मवेशी को भी मारी टक्कर, बेजुबान मवेशी गंभीर
- कार के उड़े परखच्चे, चालक फरार

अखंड भारत संदेश




क्षतिग्रस्त कार



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त स्कूली व घायल मवेशी

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में रविवार रात एक तेज रफ्तार कार ने पहले स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। इसके बाद चीनी मिल से लेप्रोसी अस्पताल की ओर भागते समय एक मवेशी को भी कार चालक ने रौंद दिया। दुर्घटना में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं मवेशी की हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्कूटी सवार नैनी बाजार का निवासी है, जिसे टक्कर लगने के बाद नैनी बाजार स्थित एक क्लिनिक में ड्रेसिंग करवाया गया। परिजन मौके पर पहुंचे और स्कूटी को ई - रिक्शा के जरिए घर ले गए। दूसरी ओर, कार चालक टक्कर के बाद प्रयागराज की दिशा में भाग निकला, लेकिन गाड़ी का अगला पहिया पंचर हो गया, जिससे वह लेप्रोसी अस्पताल के पास वाहन छोड़कर फरार हो गया। इसी मार्ग पर रात करीब साढ़े नौ बजे एक मवेशी को भी उसी कार ने टक्कर मारी, जिससे मवेशी बुरी तरह घायल हो गया। और कार के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे घटना स्थल से कुछ ही दूर पर छोड़कर चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। हालाकि, नगर निगम और पशु चिकित्सा विभाग से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचा था। मवेशी की हालत गंभीर बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताई और कार चालक की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने कार को नैनी कोतवाली उठा ले गई। अब देखना यह है कि नैनी पुलिस कहां तक कार्रवाई करती है। घायल स्कूटी सवार व बेजुबान मवेशी को न्याय मिलता है या पुलिस की सेटिंग से कार चालक फिर से किसी घटना को अंजाम देने के लिए उसे छोड़ दिया जाएगा।



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

# डिलीवरी बॉय को रास्ते में रोक कर लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी

**प्रयागराज।** हंडिया पुलिस ने एक ऐसे लुटेरे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों के डिलीवरीबॉय को रास्ते में रोककर लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए मोबाइल, टैबलेट के साथ 10,700 नकद बरामद किए गए हैं । एडीसीपी गंगानगर पुष्कर वर्मा ने बताया कि 8, 9 और 10 मई को हंडिया थाना क्षेत्र में मोबाइल, टैबलेट लूट की चार घटनाएं सामने आईं। घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो बदमाशों की मोटरसाइकिल के नंबर मिले। फुटेज से यह भी क्लू मिला कि चारों घटनाओं में एक ही गिरोह का हाथ हो सकता है। बाइक नंबर के आधार पर सबसे पहले पीयूष पांडेय को हिरासत में दिया गया। उससे पूछताछ में तीन अन्य अभियुक्तों रजनीश पांडेय, आयुष पांडेय और शनि उर्फ वेद प्रकाश यादव का नाम सामने आया। इसके बाद उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया। विस्तृत पूछताछ में इन सभी ने चारों घटनाओं में अपनी संलिप्तता की बात कबूल की। इसके बाद उनकी निशानदेही पर चारों घटनाओं में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, लूटे गए एक मोबाइल, एक टैबलेट के साथ ही नकदी बरामद की गई।

## गोदाम से ही करते थे रेकी

एडीसीपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में कई अहम बातों का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि वह कंपनियों के गोदाम से ही डिलीवरी बॉय का पीछा करते थे और फिर सुनसान में रोककर लूट की वारदात अंजाम देते थे। इसके लिए उन्होंने हंडिया, धूमनगंज, पुरामुफ्ती आदि इलाकों में स्थित अलग-अलग कंपनियों के गोदाम चिन्हित कर रखे थे। पिछले कुछ दिनों से वह हंडिया स्थित गोदाम की रेकी कर रहे थे। यहां से सामान लेकर निकलने वाले अलग-अलग डिलीवरी बॉय को उन्होंने 8, 9 और 10 मई को शिकार बनाया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव का सभी से मिल रहा समर्थन : पूर्व मंत्री मोती सिंह

## एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में आयोजित की गई गोष्ठी

अखंड भारत संदेश



कार्यकम में उपस्थित अतिथिगण

**पट्टी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में चलाए गए अभियान के अंतर्गत पट्टी विधानसभा में भारत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज में गोष्ठी की गई। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधनमें कहा कि बार-बार चुनाव से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। कहीं न कहींवर्षभर चुनाव ही होता रहता है। जिससे देश मे कई प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है। जिसमें निषेधाज्ञा का लागू होना, कर्मचारियों का अपने कार्य के अतिरिक्त चुनाव में बार-बार लगे रहना, सुरक्षा के जवान वर्ष भर चुनाव मे व्यस्त रहते हैं जिससे कि देश का सुरक्षा तंत्र प्रभावित होता है। देश के प्रधानमंत्री की बड़ी ही सराहनीय पहल एक देश एक चुनाव का समर्थन सभी सामाजिक संगठन, कार्यदाई संस्था, तथा प्रत्येक नागरिकों का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता राजेश्वरी प्रसाद खरे ने किया। इस दौरान पार्टी के जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, पप्पू सिंह प्रमुख पट्टी, अशोक कुमार श्रीवास्तव, नगर पंचायत पट्टी अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष के. के.सिंह, विनोद कुमार पांडे, रमेश चंद्र सोनी, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र खरवार, राम आसरे शुक्ला, अरविंद तिवारी राजू, पंकज सिंह राजू, अमरजीत पटेल, मनोज कुमार खंडेलवाल, सभासद गौरव श्रीवास्तव, अतुल कुमार सिंह, रजनीश मौर्य, संतोष पुष्पाकर राजेश सरोज, सजीवन सोनी, शिवम सिंह, राजेश दुबे, जुनैद कादरी विमल वर्मा, डॉक्टर सत्यनारायण पाल, शाहिद अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज।** मुकदमे से चिढ़े आरोपियो पर पीड़ित के घर में शनिवार की देर शाम घर में घुसकर दोबारा मारपीट व तोडफोड तथा गालीगलौज का आरोप है। लालगंज कोतवाली के कम्भीट निवासी आमीर सुत जहीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात मई को उसके साथ मारपीट को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। इस मुकदमे से चिढ़े विपक्षियो ने शनिवार की देर शाम उसके घर में घुसकर दोबारा मारपीट की। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए पीडित की दीवार तोड़ दी। आरोपियो ने पीडित को मुकदमें को वापस न लेने पर जानलेवा धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान परिजनों में मचा कोहराम


रोते बिलखते मृतक के परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नशे मे टल्ली युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। युवक की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसंदर मंगापुर गांव निवासी छोटे लाल प्रजापति का पुत्र विजय प्रजापति (18) रविवार की रात नशे की हालत में घर के अंदर फांसी के फंदे से झूल गया। युवक ने कमरे में धन्नी में गमछे के सहारे गले में फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार की सुबह युवक की मां घर के अंदर पहुंची और बेटे को फंदे से झूलता देख चीख पड़ी। चीखपुकार सुन गांव के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने युवक का शव नीचे उतरवाया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पुलिस ने पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर शादी से किया इनकार

## कन्या पक्ष की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस, दूल्हे को लिया हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर वर पक्ष के लोगों ने शादी से इनकार कर दिया। यह सब देख कन्या पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया। काफी देर हंगामे के बाद जब बात नहीं बनी तो कन्या पक्ष के लोगों ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर दूल्हा व उसके परिजन को कोतवाली लेकर आए जहां पर घंटो पंचायत चलती रही।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कुकवार गांव के रहने वाले मक्खन लाल ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि रविवार की उसकी बेटी की बारात कौहडोर थाना क्षेत्र के धरौली गांव के रहने वाले दिनेश पटेल के साथ होनी थी। शादी की रस्म चल ही रही थी कि दूल्हा व उनके परिजन दहेज की मांग करते हुए शादी से इन्कार कर दिए। यह सब सुनकर कन्या पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया। काफी देर तक मान-मनौव्वल के बाद भी बात नहीं बनी। इस पर कन्या पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दूल्हा सहित उसके परिजन को हिरासत में लेकर थाने आई। उधर कन्या पक्ष के लोग प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों में कोतवाली में काफी देर पंचायत चलती रही। किसी तरह दोनों पक्ष सहमत हो गए और जो पैसा शादी में खर्च हुआ था उसको दोनों आदान प्रदान किए। कोतवाल आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों पक्षसुलह समझौता कर लिए हैं।

## अपहरण कर मारपीट व छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** कोतवाली के रायपुर तियांई निवासी जोखूलाल गुप्ता के पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में दो आरोपियों के खिलाफ दुकान के गल्ले से दो हजार नकदी जबरिया निकाल लेने व अपहरण कर मारपीट तथा गालीगलौज को लेकर तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि बीती दस मई को सुबह ग्यारह बजे वह रायपुर तियांई स्थित अपनी दुकान पर मौजूद था। इस बीच दो आरोपी गालीगलौज करते हुए उसकी दुकान पर आ धमके। आरोपियों ने दुकान के अंदर घुसकर गल्ले में रखा दो हजार रुपए जबरिया निकाल लिया। पीड़ित ने शोर मचाया तब आरोपी उसे मारते पीटते स्कार्पियों में जबरिया अपहृत कर एक पेट्रोल पम्प के समीप ले गये। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पीड़ित को आरोपियों ने बंधक बनाकर वहां जमकर मारापीटा। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने पीड़ित को पांच दिन के भीतर दो लाख रुपए रंगदारी देने की धमकी देते हुए छोड़ दिया। पीड़ित ने शनिवार की शाम घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रश्में तो निभाई हूं लेकिन मेरी आत्मा व शरीर किसी और की है...

- शादी से महज पन्द्रह दिनों में ही टूटा रिश्ता, जेवरात व नकदी लेकर विवाहिता फरार
- पति की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

रवींद्र मिश्रा




**बेलखरनाथ धाम।** मुझे छूना मत मैं किसी और से प्यार करती हूं। यह शरीर और आत्मा उसके नाम कर दिया है। लोक लाज के चलते मैंने तुमसे शादी किया था अब तुम्हारे साथ नहीं रहूंगी।सात जन्मों तक साथ निभाने वाली पत्नी की यह बातें सुन कर पति के होश उड़ गए। शादी के महज 15 दिन बाद ही पत्नी ने पति का साथ व उसका घर परिवार छोड़ दिया।ससुराल से जातें समय लाखों रुपए के गहने व नकदी लेकर चली गई।पति उसे लाख समझाने का प्रयास किया लेकिन वह घर वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। हैरान परेशान पति ने थाने जाकर तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने पत्नी व उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कंधई थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की शादी बीते माह 18 अप्रैल को हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक महेशगंज थाना क्षेत्र के एक युवती से शहर के एक मैरिज हाल मे सम्पन्न हुई।दूसरे दिन दुल्हन विदा होकर अपनी ससुराल आई।यहां चार पांच दिनों तक पति पत्नी का कोई भी संबंध नहीं रहा। आरोप है कि शादी के छठवें दिन पत्नी अपने पति से बताया कि मेरा संबंध किसी और से है। मैं उससे प्यार करती हूं।सामाजिक लोक लाज के चलते तुमसे शादी कर ली मैं तुम्हारे साथ नहीं रहूंगी।पत्नी की यह बातें सुन पति के होश उड़ गए। उसने पत्नी को बहुत समझाया लेकिन वह नहीं मानी।पति का आरोप है कि 3 मई को उसके ससुर अपनी बीमारी की बात बताकर अपनी बेटी को उसके घर से विदा कराकर चले गए तथा घर में रखा दो तोला सोने का हार,दो तोला सोने का झुमका,चार तोला सोने का कंगन,नथिया पांच अंगूठी, मंगलसूत्र व चांदी का पायल, छागल सहित लगभग 15 लाख रुपए के गहने व 65 हजार रुपए नगदी भी ले गई। शादी में धोखा मिलने पर पति ने पत्नी व ससुर के खिलाफ कंधई थाने पर तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपित पत्नी व ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष कंधई गुलाबचंद सोनकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## चौथे दिन मृतक मजदूर का हुआ अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़।** करंट से मजदूर की हुई मौत को लेकर परिजनों ने घर पर शव रखकर घटना के चौथे दिन भी आक्रोश प्रकट किया। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद किसी तरह दोपहर मृतक का अंतिम संस्कार परिजन करने को तैयार हुए। सांगीपुर थाना के ककरहिया सुजाखर गांव का धर्मपाल शुक्रवार को गोर्वधनपुर में मजदूरी करने गया था। वहां करंट की चपेट में आने से धर्मपाल की मौत हो गयी थी। घटना को लेकर मृतक की पत्नी शोभा वर्मा की तहरीर पर गोवर्धनपुर निवासी राजेश मिश्र उर्फ गुडडू के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। शुक्रवार को पीएम के बाद मृतक का शव घर पहुंचा। परिजनों ने मृतक के भाई के आने की प्रतीक्षा की बात कहकर अंतिम संस्कार नहीं किया। इसके बाद मृतक का भाई घर पहुंचा। तब परिजनों ने घर पर मृतक का शव रखकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते दिखे। सोमवार को एसओ मनीष त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और परिजनो को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस की मानमनौवल के बाद परिजनों ने दोपहर गांव में ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# इंद्रदेव का अंहकार दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने रची थी लीला : देशिकाचारी महाराज



**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के बराछा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन अयोध्या से पधारे पं0 वेंकट देशिकाचारी महराज ने कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी व गोवर्धन पूजा के प्रसंग का कथा में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने बृजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएं उसकी ओट में सुखपूर्वक रहे।

भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इसके बाद पं0 वेंकट देशिकाचारी महराज ने श्रीकृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई। कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते कि किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। भगवान बोले कि जिसके यहां चोरी की हो उसके द्वार पर बैठकर माखन खाने में आनंद आता है। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में नटखट थे। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं से जुड़ी कथा को सुनने व अधिकाधिक संख्या में कथा में भागीदार बनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। कथा में मुख्य यजमान सुशीला देवी एवं दिग्विजय पांडे मौजूद रहे। इस मौके पर दिनेश पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, वंशी काका, राजेश विनोद, देवी प्रसाद, राम प्रकाश सूर्य प्रकाश, दीपक, चन्द्र प्रकाश, वेद प्रकाश, अरूण, अमित, अजीत, विपिन, सनि, शिवेन्द्र, शक्ति, अनिल, सुमित, सचिन, देवेन्द्र, राज, अंश, आदि भक्तिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की समस्त देखभाल आशीष पांडे द्वारा की जा रहीं है।

# पीड़िता का वीडियो वायरल करने पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने आरोपी द्वारा पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो वायरल किये जाने तथा धमकी को लेकर गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री की शादी तय किया था। रिश्ते को लेकर आरोपी द्वारा उसकी पुत्री से मोबाइल नंबर लिया गया। आरोप है कि आरोपी अपने मोबाइल नंबर से पीडिता से बातचीत करते हुए उसका अनैतिक वीडियो बना लिया। इधर परिजनों ने शादी की तारीख तय होने की बात शुरू की तब आरोपी द्वारा शादी तोड़ने की धमकी दी गयी। इस बीच पीड़िता के पिता ने अपनी पुत्री की शादी दूसरी जगह तय कर दी। आरोपी ने पीड़िता को धमकाते हुए अनैतिक सम्बन्धों की मांग भी रखी। मना करने पर आरोपी ने पीड़िता का अनैतिक वीडियो पीडिता की तय हुई शादी से जुड़े लोगों के बीच वायरल कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि इससे पीड़िता का सामाजिक अपमान हुआ। वहीं पीड़िता ने क्षुब्ध होकर जान देने की भी कोशिश की। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने रायबरेली जिले के डीह थाना निवासी जीवनलाल के पुत्र शिवसागर के खिलाफ आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रविवार की रात केस दर्ज किया है। एसओ राधेश्याम का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## ढाबा पर खड़े युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** ढाबे पर खड़े युवक के ऊपर कुछ लोगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पुलिस ने युवक के ससुर की तहरीर पर चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के देवनमऊ निवासी इमरान (30) बीते शुक्रवार शाम लगभग सात बजे पट्टी चिलबिला मुख्य मार्ग पर स्थित देवनमऊ ढाबे पर खड़ा था।इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक पुराने विवाद को लेकर उसकी लाठी डंडा से पिटाई कर दी। जिसमें वह गंभीर रूप घायल से घायल हो गया। हल्ला गुहार पर आस पास के लोग पहुंचे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजन उसे इलाज के लिये सीएचसी बेलखरनाथ धाम ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। एसओ दिलीपपुर शत्रुघन वर्मा ने बताया कि इमरान के ससुर हकीम अली की तहरीर पर परवेज, दिलशाद एवं जीशान सहित चार नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट कर घायल करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विद्युत बोर्ड में अचानक लगी आग, मची अफरातफरी



**पट्टी।** कोतवाली गेट के सामने लगे विद्युत बोर्ड में अचानक आग लग गई। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों की सूचना पर विद्युत सप्लाई काटी गई तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन तब तक विद्युत की चपेट में आकर केवल जलकर राख हो गया था। सूचना पर पहुंचे विद्युतकर्मी जले हुए विद्युत बोर्ड को दुरुस्त करने में लग गये।

## होटल में युवती की फोटो खींचने के मामले में संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कस्बे के बाईपास स्थित होटल में रुकी दिल्ली की ब्यूटी पार्लर संचालिका का फोटो खींचना युवक को महंगा पड़ गया। इस मामले में पुलिस ने होटल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।कंधई थाना क्षेत्र के भैसौनीअमित यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी सैफाबाद निवासी एक युवती से तय हुआ था।उसी में दिल्ली की ब्यूटीशियन मेकअप करने के लिए आईं थीं। ब्यूटीशियन युवती को रिसेप्शन में शामिल होने के लिए कस्बे बाईपास स्थित एक होटल में रुकी थी। 11 मई रविवार को उसे वापस दिल्ली जाना था। रविवार को सुबह लगभग 10 बजे वह नहाकर निकली तो होटल में मौजूद एक युवक उसकी फोटो खींच लिया। यह देखकर ब्यूटीशियन ने युवक को दौड़ा लिया। युवक भाग कर नीचे रिसेप्शन में पहुंचा। इस दौरान ब्यूटीशियन भी वहां पहुंची और तुरंत फोटो वीडियो डिलीट करने को कहा। युवक ने फोटो वीडियो नहीं बनाने की बात कही तो होटल में हंगामा होने लगा। होटल मैनेजर ने पुलिस को फोन करके बुला लिया। पुलिस मौके पर पहुंची युवक को कोतवाली उठा लाई।इस मामले में पट्टी पुलिस ने अमित यादव की तहरीर पर उमंग जायसवाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## विवादित जमीन पर निर्माण का विरोध करने पर अधेड़ को पीटा

**पट्टी।** विवादित भूमि पर पड़ोसी बाथरूम का निर्माण कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर अधेड को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली इलाके के कुंदनपुर गांव के रहने वाले जीत लाल ने सोमवार की सुबह पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर बाथरूम बनवा रहे थे। जिसका उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि उसके घर में रखा सामान भी तोड़-फोड़ दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत 112 पुलिस को की। मौके पर 112 पुलिस पहुंची मामले की जांच पड़ताल करने के बाद चली गई। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल आदित्य सिंह ने बताया की घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मंदिर स्थापना महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु


भगवान शिव का पूजन अर्चन करते श्रद्धालु

**प्रतापगढ़।** बेलहा स्थित जगदीश्वरनाथ धाम मंदिर के स्थापना महोत्सव के पहले दिन सोमवार को शिव भक्तों की भारी भीड़ दिखी। आचार्य प्रमेन्द्र कुमार शुक्ल व आचार्य श्रीकांत पाण्डेय एवं आचार्य आशीष पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान शिव के सामूहिक रूद्राभिषेक व पूजन में हर हर महादेव का जयघोष गूंजा। जगदीश्वरनाथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष लालदेव सिंह व ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने देवाधिदेव महादेव का विधिविधान से भव्य श्रृंगार किया। वही पूजन उत्सव में शिवभक्तों ने भजन संकीर्तन के साथ पुष्पवर्षा भी की। सह संयोजक प्रवीन प्रताप सिंह ने भगवान शिव की श्रद्धालुओं के साथ आरती उतारी। इस मौके पर पूर्व प्रधान उधम सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, अभिनव शुक्ल, राजेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, लाल बहादुर मिश्र आदि रहे।

## मामूली बात को लेकर चाचा ने भतीजी को पीटा

**पट्टी।** मामूली बात को लेकर चाचा ने भतीजी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने चाचा के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली किरण पटेल ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके चाचा से किसी बात को लेकर बातचीत हो रही थी। इस दौरान चाचा उसे लाठी डंडों से पीटने लगे। मारपीट में पीड़िता को गंभीर चोटे आई। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

# गायत्री माता का हुआ पूजन अर्चन हवन कर लोकमंगल की हुई प्रार्थना

अखंड भारत संदेश


हरिहरमंदिरम में सामूहिक हवन पूजन में शामिल श्रद्धालु

**लालगंज।** रायबरेली रोड पर स्थित हरिहरमंदिरम में गायत्री माता का सोमवार को पूजन अर्चन हुआ। गायत्री चेतना केन्द्र की स्थापना को लेकर हुए आयोजन में श्रद्धालुओं ने सामूहिक हवन पूजन कर लोक मंगल की प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रज्ञापुराण कथावाचिका सुषमा तिवारी की अगुवाई में सामूहिक गायत्री मंत्र के जाप में भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 वीरेश सिंह ने संस्कृति तथा आध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कथावाचक सम्पूणानंद जी महराज ने अपने विचार रखते हुए कहा कि धार्मिक वातावरण को सुदृढ़ किये जाने से सामाजिक सरोकार को मजबूती मिलती है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने संस्कृति की रक्षा में चरित्र निर्माण पर जोर दिया। संचालन साहित्यकार अंजनी अमोघ ने किया। इस मौके पर डा0 त्रिवेणी सिंह, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, नरेन्द्र तिवारी, अनिल वैश्य, पीबी सिंह, ब्रजघोष ओझा, संतोष मिश्र, विष्णु सिंह, रूचि सिंह, सीमा शुक्ला, प्रर्मिला मिश्रा, जयप्रकाश मिश्र आदि रहे। आभार प्रदर्शन रामलखन जायसवाल ने किया।

# चाउमीन फैक्ट्री में सिलेंडर विस्फोट से लगी आग 6 मजदूर झुलसे

## 3 मजदूरों की हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू



**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र स्थित दारानगर म्योहरा गाँव में सोमवार सुबह 11 बजे एक चाउमीन फैक्ट्री में गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया मिली जानकारी के अनुसार, आग का कारण सिलेंडर में लीकेज बताया जा रहा है।जिससे गैस सिलेंडर विस्फोट हो गया फैक्ट्री में काम कर रहे 6 कर्मचारी इस हादसे में झुलस गए। सिलेंडर विस्फोट होते ही मौके पर चीख पुकार मच गई मौके पर अफरातफरी मच गई जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस एम्बुलेंस से लेकर अग्निशमन विभाग तक दी गई सभी घायल कर्मचारियों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।फायर ब्रिगेड की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गैस सिलेंडर विस्फोट होते ही फैक्ट्री का पूरा कमरा धुंआ से भर गया लोगों का दम घटने लगा जिससे लोग बाहर नहीं निकाल पाए और अग्निकांड की चपेट में आ गए मौके पर पहुँचे बचाव दल द्वारा लोहे की खिड़कियों को तोड़कर के मौके में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला गया है इस अग्निकांड में राधा देवी उम्र 20 वर्ष संजना देवी उम्र 19 वर्ष रवि कुमार 18 वर्ष सहित 6 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं इस घटना में अग्निशमन विभाग से लेकर श्रम विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई जिला पूर्ति कार्यालय की भी इस घटना में बड़ी लापरवाही उजागर हुई है बताया जाता है कि घरेलू गैस सिलेंडर से नियम विरुद्ध तरीके से फैक्ट्री में गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा था यदि समय रहते संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री की जांच करके नियमों का पाठ पढ़ाया गया होता तो हादसा ना होता नियम विरुद्ध तरीके से फैक्ट्री संचालित की जा रही थी और संबंधित विभाग के अधिकारी बेखबर बने हुए थे या फिर सब कुछ उनके संरक्षण में हो रहा था यह तो जांच का विषय है।

## पांच दिवसीय स्काउट और गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ



**कौशाम्बी** दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर में भारत स्काउट और गाइड कौशांबी के तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में स्काउट और गाइड का जनपद स्तरीय पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला आयुक्त स्काउट प्रधानाचार्य दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम आरंभ से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया जिला स्काउट मास्टर अभय सिंह ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं स्काउट गाइड अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। और तृतीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट गाइड को नौकरी में वरीयता मिलती हैं। शिविर में प्रशिक्षक के रूप श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट अभय सिंह जिला स्काउट मास्टर, प्रेम लता वर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, मनीष कुमार स्काउट मास्टर, नम्रता विश्वकर्मा गाइड कैप्टन, तनु अग्रहरी गाइड कैप्टन रहे। स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू यादव द्वारा किया गया।

## न्यूज झरोखा

### 17 साल बाद विद्यालय समिति का चुनाव सम्पन्न नरेंद्र सिंह बने अध्यक्ष



**बैरम पुर कौशाम्बी।** सरसावा ब्लॉक स्थित दिलीप सिंह इंटर कॉलेज में रविवार को विद्यालय समिति का बहुप्रतीक्षित चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। लगभग 17 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस चुनाव में नरेंद्र सिंह को विद्यालय समिति का अध्यक्ष चुना गया।गौरतलब है कि वर्ष 2008 में हुए पिछले चुनाव में अनियमितताओं के आरोप लगने के कारण मामला न्यायालय में लंबित रहा। इस कारण समिति का गठन वर्षों तक नहीं हो सका। इस बार निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया गया। कुल 230 पंजीकृत मतदाताओं में से 202 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे मतदाता उत्साह साफ दिखाई दिया। चुनाव में समिति के कुल 12 पदों के लिए मतदान हुआ। मतगणना के उपरांत घोषित परिणामों में नरेंद्र सिंह ने निर्णायक बढ़त हासिल कर अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सहायक अध्यापक महेंद्र सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र सिंह को माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।विद्यालय प्रबंधन एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भी नवनिर्वाचित समिति को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि नई समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक कार्य करेगी।

### धूमधाम से मनाया गया हजरत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** सिराथू क्षेत्र के गांव झंडापुर में हजरत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स रविवार और सोमवार को अकिदत के साथ मनाया गया। और अपने देश के लिए दुआ मांगी गई और आपस में भाईचारा बना रहे ।इस अवसर पर गांव से और आस पास के क्षेत्र से आए जायरिनों ने हजरत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर मत्था टेककर दुआए मांगी। बाहर से आए हुए जायरिनों ने उर्स में बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई और मजार पर पहुंचकर चादर पोशी कर सबकी सलामती की दुआ मांगी हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाये की आस्था का केंद्र हजरत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के मौके पर झंडापुर स्थित उनकी मजार पर सुबह में कुरानख्वानी, चादरपोशी, जलसा और सूफ़ी कव्वाली आदि का आयोजन हुआ।मजार परिसर में इस अवसर पर विशाल उर्स लगा, जिसमे बच्चों एवं महिलाओं ने जमकर खरीदारी किया।उर्स में जायरिनों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई थी। उर्स के दौरान शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर टेढ़ीमोड़ चौकी प्रभारी मनीष पाल मौके पर टीम के साथ मुस्तैद रहे।

### भरवारी कस्बे में नंद गोपाल गुप्ता नंदी का हुआ स्वागत



**भरवारी कौशाम्बी** भरवारी स्थित कौशांबी इंडियन गैस एजेंसी के गौरव केशरवानी उर्फ मोनू के यहां कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी पहुँचे जहां पर गैस एजेंसी की मालिक उमा अशोक केशरवानी एवं कौशांबी फिलिंग समदा के मालिक प्रकाश चंद्र केशर वानी द्वारा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष कविता पासी व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरी एवं जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष अरविंद केशर वानी तथा नीरज बनारसी नितुल चौधरी गंगा प्रसाद केशरवानी राजेश उर्फ. मुन्ना अग्रहरी प्रवेश केशर वानी अविनाश केशर वानी चंचल केशर वानी हर्षित नागा उपांशु केशर वानी आशु केशरवानी आदि लोगो ने माला पहनाकर स्वागत किया।

### आवारा सांड के हमले से अधेड़ की मौत, ग्रामीण भयभीत



**कड़ा कौशाम्बी** सैनी थाना क्षेत्र के कमंगलपुर गांव में आम की बाग की रखवाली कर रहे जगन्नाथ सरोज उम्र 70 वर्ष पुत्र स्व.छोटेलाल सरोज को आवारा साड ने आम के पेड़ से रगड़ रगड़ कर मौत के घाट उतार दिया है किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है आवारा साड का आतंक पूरे जिले में बड़ी तेजी से फैला हुआ है आबादी के बीच छुट्टा खूंखार आवारा साड पूरे दिन घूमते दिखाई पड़ते हैं जिससे लोगों के बीच दहशत का माहौल है योगी सरकार के निर्देश के बाद भी पशुपालन विभाग के अधिकारी आवारा साड को गौसंरक्षण केंद्र नहीं पहुंचा रहे हैं आखिर कितनी मौत के बाद आवारा साड के खुलेआम विचरण पर रोक लगाई जाएगी यह कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है सोमवार को ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन और गौशाला टीम के लोग पहुंच कर आवारा साड को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहे इसके पहले भी कमंगलपुर गांव में चार लोगों के ऊपर हमला करके आवारा साड ने घायल कर दिया

### हिनौता क्षेत्र में जेसीबी मशीन से पूरी रात मिट्टी की होती है खुदाई



**कौशाम्बी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता पुलिस चौकी अन्तर्गत गांव में चौकी पुलिस की मिली भगत से जेसीबी से खूब मिट्टी की खुदाई का कार्य फल फूल रहा हैं मनमानी तरीके से पूरी रात मिट्टी की खुदाई में जेसीबी मशीन गरजती रहती है एक तरफ जहां मनमानी तरीके से मिट्टी खनन कर खेत और तालाब को गड्ढा बनाया जा रहा है वही जेसीबी मशीन की तेज आवाज से लोगों की नींद खराब हो जाती है इलाके के कई सरकारी भूमि और तालाब से मिट्टी को खोद कर जेसीबी संचालकों ने सरकारी जमीन को गहरे गड्ढे में परिवर्तन कर दिया है तालाब में बीते कई दिनों से जेसीबी मशीन से मिट्टी के खुदाई हो रही है लोगों ने मामले की सूचना भी चौकी पुलिस को दिया है लेकिन उसके बाद भी जेसीबी मशीन के द्वारा मनमानी तरीके से मिट्टी की खुदाई को बंद नहीं कराया गया है बताया जाता है कि जेसीबी संचालक मिट्टी खनन में लगा है निजी भूमि के साथ-साथ सरकारी भूमि की भी मिट्टी की खुदाई बेखौफ हो रही है जबकि सरकारी भूमि से मिट्टी की खुदाई पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है लेकिन नियम कानून के विपरीत उसके बाद भी सरकारी भूमि से मिट्टी की खुदाई लगातार जारी है शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र के लोगों ने गलत तरीके से मिट्टी खनन पर रोक लगाए जाने और जेसीबी संचालक पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## आधी अधूरी इंटरलॉकिंग बना कर सरकारी धन को गबन कर गए प्रधान और सेक्रेटरी

### ग्रामीण गंदगी भरे कचड़े से आने जाने को मजबूर



**कल्याणपुर कौशांबी** तहसील सिराथू के ग्राम पंचायत अहिरारा के मजरा शिवपुर में आधी अधूरी इंटरलॉकिंग लगा करके पूरी इंटरलॉकिंग की रकम सरकारी खजाने से ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव निकाल ले गए हैं जिससे इंटरलॉकिंग का पूरा निर्माण नहीं हो सका है और ग्रामीणों को इस समस्या से जूझना पड़ता है जिस समस्या से वह पहले जूझ रहे थे ग्रामीण गंदगी भरे कीचड़ में आने जाने को मजबूर है गांव के रामभरोस पटेल के घर से पूरब की ओर पक्की सड़क तक का इंटर लॉकिंग कार्य का प्रस्ताव हुआ जिसमें मात्र 25 से 30 मीटर इंटर लॉकिंग कार्य किया गया अधूरे रास्ते को बिना इंटरलॉकिंग लगाए ही धन निकाल लिया गया है बाकी पूरा रास्ता गंदगी से भरा पड़ा है उसी रास्ते से ग्रामीण आने जाने को मजबूर है ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रधान व सेक्रेटरी से बात की जाती है तो गोल गोल बातें करके टाल देते है बोलते है जो बनना था बन गया।जहां शिकायत करना हो करो अब नहीं बनेगा।ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाना अति आवश्यक है। ग्रामीणों ने इंटरलॉकिंग लगाए जाने के धांधली की जांच कराए जाने की मांग की है

## आवास विहीन गरीब परिवार झोपडी में रहने को मजबूर



**कल्याणपुर कौशांबी।** तहसील सिराथू के ग्राम पंचायत अहिरारा के मजरा शिवपुर में ज्ञान सिंह पटेल पुत्र स्वर्गीय रामदुलारे बहुत ही गरीब व असहाय व्यक्ति है मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पन्नी डाल कर झोपडी में परिवार के साथ चाहे बरसात हो या ठंडी या गर्मी उसी पन्नीनुमा झोपडी में निवास करता है ।कोई भी जिम्मेदार चाहे सेक्रेटरी हो या ग्राम प्रधान इस गरीब की तरफ कोई नहीं देखता क्योंकि यह आवास के नाम पर रुपए देने में असमर्थ है इस लिए इन्हें अभी तक पीएम आवास नहीं मिल पा रहा है ।शासन का ध्यान इस गरीब की झोपडी की तरफ दिलाते हुए तत्काल आवास मुहैया कराने की आवश्यकता है।जब ज्ञानसिंह जिम्मेदारों से कहते है तो उन्हें डॉट दिया जाता है और कहा जाता है कि तुम्हे आवास की क्या जरूरत है।

## सड़क हादसे में कौशांबी के युवक की दिल्ली में मौत



**भरवारी कौशांबी** दिल्ली में रहकर वाहन चलाने वाले कौशांबी जिले के कौशांबी थाना अंतर्गत गोपसहसा हिसामबाद गांव निवासी मुकेश पाल उम्र 24 वर्ष पुत्र राम प्रकाश की द्वारका एक्सप्रेस नजदीक नई दिल्ली में वाहन चलाते समय सड़क हादसे में मौत हो गई है जैसे ही मुकेश पाल के मौत की जानकारी उनके घर पहुंची पूरे घर में कोहराम मच गया है परिवार के लोग दिल्ली को रवाना हो गए हैं

## तन्नापर गांव दुवरा चौराहा की तरफ से जा रहे बालू के ओवरलोड डंपर



**कौशाम्बी** बालू के ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लग रही है नियम विरुद्ध तरीके से यमुना नदी से बालू का खनन माफियाओं द्वारा बेखौफ तरीके से किया जा रहा है नए पुलिस कप्तान के आने के बाद मंझनपुर मुख्यालय के बजाय गांव क्षेत्र की सड़क तन्नापर गांव दुवरा चौराहा की तरफ से बालू के ओवरलोड डंपर ट्रक पूरे दिन जाते दिखाई पड़ रहे है तमाम प्रयास के बाद भी बालू के ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है बल्कि ओवरलोड वाहनों का रास्ता बदल दिया गया है जिससे लोगों को एहसास हो कि ओवरलोड वाहन बंद हो गए हैं सवाल उठता है कि यमुना की तराई क्षेत्र से ओवरलोड वाहन कैसे मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र तक पहुंच रहे हैं महेवा घाट कोतवाली से लेकर सराय अकिल कौशाम्बी पिपरी थाना वा अन्य क्षेत्र के यमुना बालू घाटों से निकलने वाले वाहनों को यमुना क्षेत्र के थानेदारों द्वारा रोक न लगाए जाने के पीछे उनकी मंशा क्या है यह जग जाहिर है ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए एआरटीओ भी कतई तैयार दिखाई नहीं पड़ रहे हैं जिससे उनकी साठगांठ से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## एसपी ने किया तीन थानों का निरीक्षण

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा सोमवार को थाना चरवा थाना पिपरी तथा थाना सराय अकिल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। एसपी द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दी गृह, अपराध रजिस्टर, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जगह-जगह हुआ कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का जोरदार स्वागत

## नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में बड़ा उद्योग स्थापित करने की नगर पालिका अध्यक्ष ने की मंत्री से मांग



**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया गया है, कि नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में एक बड़ा उद्योग स्थापित कराया जाय, जिससे नगर पालिका क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। मंत्री ने नगर पालिका अध्यक्ष की मांग पर उन्होंने कहा कि उनकी मांग को जल्द पूरा किया जायेगा, इसके लिए वह मुख्यमंत्री से भी बात करेगे। सोमवार को नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी की ओर से किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी की जम कर सराहना किए। मंत्री नन्दी ने कहा कि कुछ साल पहले तक पूरे विश्व में अमेरिका और इजराइल ही दो ऐसे देश थे, जो अपने देश के दुश्मनों से बदला लेने और उन्हें सबक सिखाने के लिए जाने जाते थे। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत ने भी बता दिया है कि ये नया भारत है। अगर कोई दुश्मन देश की तरफ आंख उठाएगा तो भारत अपने दुश्मनों को न सिर्फ जवाब देगा, बल्कि घर में घुसकर वार भी करेगा। सबक सिखाएगा। पहलगाम में निर्दोश पर्यटकों पर हुए कायराना एवं आतंकी हमले के बाद भारत ने दुश्मन देश की सीमा में नहीं बल्कि अंदर घुसकर उसके एयरबेस को तहस नहस कर पाकिस्तान के साथ ही पूरे विश्व को भी बता दिया है कि वह क्या कर सकता है। इसके बाद वह दर्जनभर स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले मंत्री नंद गोपाल गुप्ता कोखराज पहुंचे। यहां पर मनोज केसरवानी के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इसके बाद भरवारी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी के आवास पर पहुंचे जहां नगर के व्यापारियों के साथ.साथ व्यापार मंडल के महिला विंग की कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद नंदी वाणी पब्लिक स्कूल प्रबंधक अभिजीत केसरवानी के आवास पहुंचे। यहां के बाद राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के युवा विंग के जिलाध्यक्ष गौरव केसरवानी उर्फ मोनू के आवास पहुंचे। जहां स्वागत के बाद मंत्री ने उपस्थित लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बताया। आपरेशन सिंदूर के बारे में बोलते हुए मंत्री नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशन पर हमारी भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को उसकी असली जगह पर लाकर खड़ा कर दिया है। भारत द्वारा चलाये गये आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया है और अब वह मुल्क को बचाने के लिए रहम की भीख मांग रहा है। इस अवसर पर प्रान्तीय महामंत्री व्यापार मंडल रमेश चंद्र अग्रहरी जिला महामंत्री कौशाम्बी संजय जायसवाल अग्रहरि समाज के अध्यक्ष सुरेश अग्रहरि पूर्व चेयरमैन भरवारी गंगा प्रसाद केसरवानी उत्तर प्रदेश कॉपरेटिव बैंक के डॉयरेक्टर उपेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिव प्रताप मौर्य मंडल अध्यक्ष मंझनपुर मनमोहन मौर्यी मण्डल अध्यक्ष रमेश लोधी सभासद अंशुल केसरवानी पवन केसरवानी डा० रिंकू सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश लोधी ज्योति केसरवानी प्रवेश केसरवानी आदि रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर में शहीद जवानों एवं आम नागरिकों को कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी



**कौशाम्बी** जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के तत्वाधान में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पांडे के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों एवं आम जनमानस की आत्मा की शांति के लिए अमर शहीद सोहन लाल यादव के स्मारक ग्राम फरीदपुर गौरा में पहुंचकर दीपक प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा ऑपरेशन सिंदूर में वीर जवानों ने जिस तरह से जांबाजी दिखाते हुए पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया ऐसे हमारे वीर जवानों के लिए जिंदाबाद के नारे लगाए तथा भारत माता की जय के नारो से शहीद स्मारक गुंजायमान हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तानियों को धूल चटा दी तथा पाकिस्तान के अंदर घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार के द्वारा सीजफायर ना कर दिया गया होता तो हमारी सेना निश्चित तौर पर पाकिस्तान को कब्जा कर लेती और भारत में मिलाने का काम करती कार्यक्रम को कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी वायु सेवा ने जिस तरह से कलाबाजी दिखाते हुए राफेल एवं अन्य मिसाइल से पाकिस्तानियों के मिसाइल को ध्वस्त किया वह बहुत ही सराहनीय रहा जिस तरह से सोफिया कुरैशी जैसी जांबाज अफसर के नेतृत्व में सेना जंग लड़ रही थी यह दशार्ता है कि हमारी सेना कितनी मजबूत है और हमारे भारत की महिलाएं भी किसी से कमजोर नहीं हैं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से हमारे भारत के लिए गर्व की बात है कि हमारी सेना इतनी मजबूत है कि वह किसी को भी धूल चटा सकते हैं ऑपरेशन सिंदूर को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी ने भी सराहा और कहा कि भारत की मजबूती व कुशल युक्त क्षमता को देखकर के हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नैयर रिजवी जिला महासचिव कौशलेश द्विवेदी शशि प्रताप त्रिपाठी रामसूरत रैदास दीपक पांडेय बाबू जी मोहम्मद फरमान सचिन पांडेय, हेमंत रावत सकिल अब्बास, बिलाल हसन, श्याम सिंह भदौरिया, छोटे लाल, मोहम्मद हसनैन,अरहम रजा इंद्रपाल,रामदास,अनिल सेन आलोक त्रिपाठी दीपक शर्मा के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कौशांबी जिले में टहल रहे फ्रॉड मांग रहे हैं आधार कार्ड रहे सावधान !

**कौशांबी** इंडियन ऑयल की गैस सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाए जाने के सर्वे को लेकर सर्वे के नाम पर युवकों की टोली उपभोक्ताओं से यह पूछ रही है कि आपको पाइप लाइन से गैस कनेक्शन लेना है कि नहीं लेना है जब उपभोक्ता पाइपलाइन से गैस कनेक्शन लेने को तैयार हो जाते हैं सर्वे टीम उपभोक्ताओं से पूछता है कि आपके घर में कितने हैं रसोई घर है कहां पर बने हैं घर का लोकेशन भी लेने की कोशिश सर्वे टीम के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है सर्वे के नाम पर घूम रही युवकों की टोली आम जनता गैस उपभोक्ताओं का आधार कार्ड मांग लेती है सवाल उठता है कि अभी उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में पाइप लाइन से गैस की सप्लाई नहीं शुरू हुई है जब योजना की शुरुआत होगी तो पहले लखनऊ गाजियाबाद जैसे महानगर योजना में शामिल किए जाएंगे और महानगर में योजना की सफलता के बाद बड़े जिलों को शामिल किया जाएगा उसके बाद छोटे जिले नगर पंचायत नगर पालिका क्षेत्र को शामिल किया जाएगा लेकिन गैस पाइपलाइन के सर्वे के नाम पर घर-घर से आधार कार्ड एकत्रित किए जा रहे हैं सवाल उठता है कि आधार कार्ड ले जाने वाले लोगों का कोई बायोडाटा नहीं है इनका अपना कोई परिचय नहीं है इनके पास कोई ठोस आधार नहीं है और यह घर-घर आधार कार्ड एकत्रित कर रहे हैं यदि आधार कार्ड ले जाने के बाद उपभोक्ताओं के साथ इन्होंने धोखाधड़ी ठगी कर दी तो उपभोक्ता अपनी फरियाद कहां दर्ज कराएगी।

# हेलो किड्स भरवारी में मातृशक्ति को समर्पित मदर्स डे समारोह का भव्य आयोजन




भरवारी कौशाम्बी हेलो किड्स भरवारी के तत्वावधान में रविवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक अत्यंत भव्य, भावनात्मक और सजीव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं के सम्मान में विविध रंगारंग प्रस्तुतियों की झड़ी लग गई। यह कार्यक्रम रिद्धि सिद्धि रिजॉर्ट फेस-2 में आयोजित किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी मां के प्रति प्रेम और कृतज्ञता को मंच पर बखूबी प्रस्तुत किया।इस भावुकता से भरे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हृदयकर्णिका रिद्धि सिद्धि और उनकी मां श्रीमती सपना गुप्ता रहीं। विशेष उपस्थिति में स्कूल के फाउंडर देव गुप्ता ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी मां के प्रति भावनाएं प्रकट करते हुए गायन प्रस्तुत किया। छोटे-छोटे बच्चों ने जब वाद्ययंत्रों के साथ मां के लिए गीत गाया तो पूरा सभागार भावविभोर हो गया। बच्चों की मासूम आवाज और संगीत में भरी भावनाओं ने हर एक माता के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में आंसू ला दिए।अपने बच्चों को मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देते हुए देखकर कई माताएं भावुक हो उठीं। उन्होंने न केवल तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया बल्कि विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि हेलो किड्स भरवारी वास्तव में बच्चों के व्यक्तित्व विकास और उनकी प्रतिभा को मंच देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। एक अभिभावक ने कहा, "हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे छोटे-छोटे बच्चे इतने अच्छे से गा और नाच सकते हैं। यह स्कूल का ही प्रयास है, जो आज हम अपने बच्चों को इस रूप में देख पा रहे हैं।नर्सरी,जूनियर केजी और सीनियर केजी के बच्चों ने विशेष नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति इतनी मोहक और मनोहारी रही कि उपस्थित सभी माताओं ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर माताओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा और आनंद का संचार हुआ। विजेता माताओं को विशेष उपाधियों से सम्मानित किया गया।सुपर मोम का खिताब जूनियर केजी की छात्रा कशवी केशरवानी की मम्मी समृता केशरवानी को प्रदान किया गया।बेस्ट मोम के खिताब से नैतिक सिंह की माता रीना देवी और शदन की मम्मी शेफाली खान को नवाजा गया। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा,हमारा प्रयास है कि हम विद्यालय को केवल शिक्षा का केंद्र न बनाकर एक ऐसा परिवार बनाएं, जिसमें माता-पिता, शिक्षक और बच्चे मिलकर एक सशक्त समाज निर्माण की दिशा में कार्य करें। यह आयोजन माताओं के सम्मान का छोटा सा प्रयास है, जिन्होंने अपने बच्चों को इस विद्यालय का हिस्सा बनाया है।"डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संबोधन में कहा, "मां हमारे जीवन की प्रथम शिक्षक होती हैं। उनकी ममता, त्याग और समर्पण को शब्दों में व्यक्त कर पाना संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को विद्यालय की ओर से सम्मान चिह्न और स्मृति उपहार प्रदान किए गए। इसके बाद सभी के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई थी कार्यक्रम का संचालन अत्यंत आकर्षक एवं भावनात्मक शैली में किया गया, जिससे पूरी महफिल सजीव और उल्लासपूर्ण बनी रही। यह आयोजन माताओं और विद्यालय के बीच भावनात्मक जुड़ाव को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

# सम्पादकीय

## युद्धविराम का असली खेल

**पिछले** बुधवार को शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में एक नया जोश और उम्मीद जागी थी कि अब आतंकवाद के पीड़ितों को इंसाफ मिलेगा और पहलगाम हमले का करारा जवाब पाकिस्तान को दिया जाएगा। इस ऑपरेशन के बाद सरकार की तरफ से यही कहा भी गया कि न्याय कर दिया गया। लेकिन फिर पाकिस्तान की तरफ से आक्रमण शुरू हुए, उनका भी माकूल जवाब भारतीय सेना ने दिया। हालांकि इनमें सीमा पर बसे नागरिकों को जान-माल का काफी नुकसान हुआ, लेकिन देशभक्ति और राष्ट्रवाद के नाम पर इन पर सरकार से सवाल करना गुनाह मान लिया गया। इस बीच शनिवार शाम को अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खबर दी कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों पक्षों से लंबी चर्चा की है और उनकी मध्यस्थता के कारण अब युद्धविराम हो गया है।

युद्ध खत्म होगा, इस बात पर राहत तो महसूस हुई, लेकिन यह राहत क्षणिक ही थी क्योंकि कुछ ही देर में पाकिस्तान की तरफ से हमले फिर शुरू हो गए। और फिर शनिवार देर रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने राष्ट्र को संबोधित करते हुए बताया कि उनकी ऐतिहासिक जीत हुई है। यह झटका काफी नहीं था कि रविवार सुबह डोनाल्ड ट्रंप का एक और ट्वीट आ गया, जिसमें ट्रंप ने दावा किया कि अब वह हजारों सालों से चले आ रहे कश्मीर विवाद को भी सुलझाने में मदद करेंगे। देश ने पहले भी पांच युद्ध देखे हैं, कई बड़े आतंकी हमलों के जख्म खाए हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ हुई साजिशों को झेला है, लेकिन शनिवार से लेकर रविवार तक जितने झटके देश को मिले, ऐसा शायद कभी नहीं हुआ। इनमें सबसे अधिक दुख की बात यह रही कि इतना कुछ होता रहा और नरेन्द्र मोदी का एक लाइन का ट्वीट, एक वाक्य का राष्ट्र के नाम संबोधन सुनाई नहीं दिया। कम से कम रविवार शाम साढ़े छह बजे तक तो यही स्थिति थी।

देश में अब तक जो नहीं हुआ, वो नरेन्द्र मोदी ने मुमकिन कर दिखाया। श्री मोदी ने देश की संप्रभुता को दांव पर लगाते हुए अमेरिका को हमारे मामले में दखलंदाजी की अनुमति दे दी। जिस अंदाज में ट्रंप ने सीजफायर को लेकर दावे किए उससे तो यही लगता है। भारत शांतिप्रिय देश है, बावजूद इसके भारत 1947, 1962, 1965, 1971, और 1999 पांच बार युद्ध का हिस्सा बना। इसमें 62 के चीन के आक्रमण में भारत को हार मिली, लेकिन बाकी सारे युद्ध जो पाकिस्तान के साथ लड़े गए, उसमें हमें जीत हासिल हुई। भारत ने यह हमेशा सुनिश्चित किया कि कोई तीसरा देश हमारे मामले में दखलंदाजी न करे। लेकिन इस समय 2025 में पाकिस्तान के साथ जो युद्ध की स्थिति बनी, उसमें पहले तो ऑपरेशन सिंदूर चला कर नरेन्द्र मोदी ने यह बताया कि उनकी सरकार पहले की नीतियों पर ही चलेगी और हमले पर जवाबी कार्रवाई करेगी। लेकिन सात मई को हुए आपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के महज 3 दिन बाद ही ट्रंप ने 10 मई की शाम को अचानक दुनिया को संदेश दिया कि उनकी मध्यस्थता के कारण दोनों देश युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। 78 सालों में कभी किसी देश ने इस तरह भारत के नाम पर अपना बयान जारी नहीं किया। यहां तक कि रूस ने भी कभी भारत के साथ दोस्ती का ऐसा नाजायज फायदा नहीं उठाया, लेकिन ट्रंप ने ऐसा किया तो जाहिर है नरेन्द्र मोदी से सवाल हो रहे हैं।

# युद्ध : विनाश का वैश्विक व्यापार

**- विवेकानंद माथने**

**हर** युद्ध की सबसे बड़ी कीमत आम आदमी चुकाता है। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ आम जीवन की बुनियादी जरूरतें और सामाजिक प्रगति भी बुरी तरह प्रभावित होती है। सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी-उन्मूलन जैसे जनकल्याणकारी क्षेत्रों के बजट में कटौती कर रक्षा खर्च बढ़ा देती हैं, जिससे आम जनता का जीवन और भी कठिन हो जाता है।



युद्ध मानव सभ्यता के इतिहास का एक दुखद, लेकिन महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। प्राचीन काल से लेकर आज तक, भले ही युद्धों के स्वरूप बदलते रहे हों, परंतु उनके मूल कारण आज भी वही हैं-सत्ता की लिप्सा, प्रभुत्व की चाह और संकुचित राष्ट्रवाद। महाभारत का महासंग्राम हो या प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध, हर संघर्ष के बाद शेष रह जाती हैं, केवल लाशें, उजड़े नगर, बिखरे सपने और मानवता की हार। विडंबना यह है कि आज जब विज्ञान और तकनीक नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है, तब भी दुनिया युद्ध के उन्माद से ग्रस्त है, संकुचित राष्ट्रवाद का ज्वर चढ़ा है, हर देश दूसरे को आंखें दिखा रहा है, मानो एक-दूसरे के खून का प्यासा हो। परिस्थितियां धीरे-धीरे तीसरे विश्वयुद्ध की ओर बढ़ रही हैं।

यूक्रेन, जो कभी सोवियत संघ का हिस्सा था, अब 'नार्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन' (नाटो) से जुड़ना चाहता है। 'नाटो' ने रूस को घेरने की मंशा से यूक्रेन का समर्थन किया और यह टकराव युद्ध में बदल गया। यह संघर्ष तीन साल से जारी है। यूक्रे न के शहर खंडहरों में तब्दील हो गए हैं और बुनियादी ढांचे ध्वस्त हो गए हैं। अब तक दोनों पक्षों के कुल 1.90 लाख से अधिक सैनिक मारे गए और 2.80 लाख से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की 1.43 करोड़ आबादी विस्थापित हो चुकी है, जिनमें से 65 लाख से अधिक शरणार्थी बनकर विदेश चले गए हैं और शेष अपने ही देश में दर-दर भटक रहे हैं। यूक्रेन की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है, वहीं पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते रूस की अर्थव्यवस्था भी गंभीर दबाव में है।

'हमास' के हमले और नागरिकों को बंधक बनाए जाने के जवाब में इजराइल ने गाजा पर भीषण हमला किया। इस बदले की आग में हजारों निर्दोष लोगों की जानें गईं और लाखों घायल हुए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गाजा के करीब 19 लाख लोग विस्थापित हो चुके है, 70प्रतिशत से अधिक आवास नष्ट हो चुके हैं और अस्पताल, स्कूल, पानी और बिजली व्यवस्था का लगभग 90प्रतिशत ढांचा पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। भोजन और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों का भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

सूडान में 2023 से सेना और 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' (आरएसएफ) के बीच जारी संघर्ष में 61,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं। म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद गृहयुद्ध छिड़ा, जिसने लाखों को शरणार्थी बना दिया। यमन में 2014 से जारी युद्ध ने 68प्रतिशत आबादी को मानवीय सहायता पर निर्भर कर दिया। इथियोपिया में 'टिग्रे संघर्ष' ने हजारों की जान ली और लाखों को भुखमरी की कगार पर पहुंचा दिया। इराक, लेबनान और अफगानिस्तान के जख्म आज भी हरे हैं।

हर युद्ध की सबसे बड़ी कीमत आम आदमी चुकाता है। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ आम जीवन की बुनियादी जरूरतें और सामाजिक प्रगति भी बुरी तरह प्रभावित होती है। सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी-उन्मूलन जैसे जनकल्याणकारी क्षेत्रों के बजट में कटौती कर रक्षा खर्च बढ़ा देती हैं, जिससे आम जनता का जीवन और भी कठिन हो जाता है। भूख, बेरोजगारी और असमानता बढ़ती है। युद्ध का अंजाम केवल विनाश होता है, फिर भी युद्ध क्यों जारी रहते हैं? इसे क्यों नहीं रोका जाता? आखिर कौन हैं वे, जो युद्ध से लाभ उठा रहे हैं? दरअसल, युद्ध केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं होता, यह एक सुनियोजित योजना का हिस्सा होता है, जिसमें कुछ ताकतें पर्दे के पीछे से भारी लाभ कमाती हैं।

युद्ध के पीछे असली कारण संसाधनों पर कब्जा, हथियारों की बिक्री, मंदी से जूझती अर्थव्यवस्था को गति देना और सत्ता को मजबूत करना होता है। तेल, खनिज, जल, जमीन और श्रम पर नियंत्रण पाने के लिए बार-बार लड़ाइयां लड़ी गई हैं। अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्रों द्वारा यूक्रेन को हथियार देना एकतरफा नहीं है, बल्कि इसके पीछे यूक्रेन के संसाधनों और क्षेत्रीय प्रभाव पर पकड़ बनाने का रणनीतिक लक्ष्य भी है। इन युद्धों ने पुराने हथियारों के भंडार खाली कर दिए हैं। 'एआई ड्रोन,' 'हाईपरसोनिक मिसाइलें' और साइबर हथियार जैसी नई तकनीकों वाले हथियार भी आजमाए गए हैं। युद्ध एक ऐसी 'लाइव टेस्टिंग लैब' बन चुका है, जहां नए हथियारों को परखा जाता है और उनके लिए बाजार तैयार किया जाता है।

अब सभी देश हथियारों की दौड़ में शामिल हो गए हैं। इससे रक्षा उद्योग के लिए एक बड़ा बाजार खड़ा हुआ है। अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जर्मनी जैसे देश बड़े हथियार निर्यातक हैं। युद्ध उनकी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर रहा है। पारंपरिक हथियारों से लेकर परमाणु, जैविक और अब 'आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस' (एआई) आधारित स्मार्ट हथियारों तक, यह उद्योग युद्ध पर ही टिका है। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में वैश्विक सैन्य खर्च 2.70 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएं जब भी आर्थिक संकट और मंदी से गुजरती हैं तब युद्ध उनके लिए एक अवसर बन जाता है। हथियारों की खपत बढ़ती है, पुराना स्टॉक खाली होता है और नए उत्पादनों का बाजार तैयार होता है। अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे देश पुराने हथियारों को युद्ध में झोंककर अपनी सैन्य उत्पादन प्रणाली को पुनर्जीवित करते हैं। युद्ध उनके आर्थिक पुनरुद्धार की रणनीति बन जाता है।

हाल की पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं निस्संदेह बहुत पीड़ादायक हैं, लेकिन यह भी सोचने की जरूरत है कि क्या इन हमलों के पीछे खडी बड़ी ताकतें दोनों देशों को युद्ध के रास्ते पर धकेलना चाहती हैं? जनता का आक्रोश जायज होते हुए भी, यह प्रश्न जरूरी है कि क्या ये हमले केवल आतंकियों के हैं या कोई और ताकत इन्हें अंजाम देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की जमीन तैयार कर रही है?

वे जानते हैं कि कोई भी बड़ा देश आम जनता के समर्थन के बिना युद्ध नहीं लड़ सकता। पहलगाम जैसे आतंकी हमलों से उत्पन्न संवेदना का दोहन करना आसान होता है। युद्ध कई बार राष्ट्र की अस्मिता से जोड़ दिया जाता है। युद्ध के पहले ऐसी परिस्थितियां तैयार की जाती हैं कि शांति और सह-अस्तित्व में विश्वास रखने वाले लोग भी युद्ध के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। संकुचित राष्ट्रवाद को उकसाने में कॉर्पोरेट मीडिया और सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका है। फेक न्यूज, उग्र भाषण और भावनात्मक उन्माद फैलाकर जनता को युद्ध के समर्थन में खड़ा कर दिया जाता है। लोग भ्रमित होकर प्रतिशोध की आग में युद्ध को न्याय समझने लगते हैं।

यदि यह उन्माद तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ा, तो निश्चित ही जैविक, परमाणु और 'एआई' आधारित विध्वंसक प्रणालियों का प्रयोग होगा। यह ऐसी तबाही ला सकता है जिसकी कल्पना भी भयावह है और जिसके परिणाम पूरी मानवता को सदियों भुगतने पड़ेंगे। इसलिए जरूरी है कि हम युद्धोन्मादी नेताओं, उकसाने वाले मीडिया संस्थानों और हथियार बेचने वाले देशों के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध को ही चुनौती दें। यह लोगों की जिम्मेदारी है कि वे युद्ध को नकारें और शांति का रास्ता चुनें।

# मंगलसूत्र के बाद सिंदूर, नाम में बहुत कुछ रखा है

**- सर्वमित्रा सुरजन**

**भारतीय** संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

शेक्सपियर साहब भारत में होते तो शायद कभी न लिख पाते कि नाम में क्या रखा है, क्योंकि यहां तो बड़े सियासी खेल नाम के बूते ही खेले जाते हैं। दुश्मनों को जवाब देने में भी कौन से नाम का क्या असर पड़ेगा, इसकी रणनीति भी तैयार होती है। तो कम से कम भारत के संदर्भ में देखें तो नाम में बहुत कुछ रखा है।

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में बने 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो उसके लिए नाम चुना गया ऑपरेशन सिंदूर। भारतीयों के लिए सिंदूर महज एक रासायानिक पदार्थ वर्मिलियन नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और भावनात्मक महत्व है। हिंदू धर्म में बिना सिंदूर के विवाह संपन्न नहीं होता और विवाहिताएं तब तक सिंदूर लगाती हैं, जब तक उनका सुहाग बना रहता है, यानी जब तक पति जीवित है, विवाहिता मांग में सिंदूर भरती है। लेकिन पति की मौत के बाद सिंदूर नहीं लगाया जाता, इसलिए विधवा होने के लिए मांग उजड़ना जैसे मुहावरों का इस्तेमाल होता है। पौराणिक कथाओं में देवियों के श्रृंगार में सिंदूर शामिल था ही, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर देखें तो गुप्त काल (लगभग 320-550 ई.) तक सिंदूर विवाह अनुष्ठानों से पूरी तरह जुड़ गया। हमारी फिल्मों में कई भावुक दृश्यों में सिंदूर के जरिए नारी शक्ति या सुहाग की ताकत को दिखाया गया। फिल्म ओम शांति ओम का तो संवाद ही बेहद चर्चित हो गया था, जिसमें दीपिका पादुकोण कहती हैं- एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू, ईश्वर का आशीर्वाद होता है एक चुटकी सिंदूर, सुहागन के सिर का ताज होता है एक चुटकी सिंदूर, हर औरत का ख्वाब होता है एक चुटकी सिंदूर। इस फिल्म के लिए मयूर पुरी ने जब ये संवाद लिखा होगा तो उन्हें अनुमान भी नहीं रहा होगा कि यह न केवल कई मौकों पर अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जाएगा, बल्कि लगभग 2 दशक बाद इसे आतंकवाद का जवाब देने पर भी दोहराया जाएगा। इसी फिल्म में मयूर पुरी ने एक और संवाद लिखा था कि पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। और बुधवार को यह संवाद भी लोगों को याद आ गया जब पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे ने ट्वीट किया कि पिक्चर अभी बाकी है। दरअसल जनरल मनोज नरवणे ने संकेत दिए कि पाकिस्तान को अभी पहला सबक ही सिखाया है, अभी इसके आगे आतंकवाद के कई और अड्डे भी तबाह होंगे। आगे और किस तरह के नामों के तहत सैन्य कार्रवाई होगी, ये देखना होगा। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बता दिया कि राजनैतिक चतुराई और रणनीतिक कौशल उनमें कूट-कूट कर भरा है।

याद कीजिए, लोकसभा चुनावों के वक्त प्रचार रैलियों का, जिनमें नरेन्द्र मोदी ने मंगलसूत्र छीनने का आरोप विपक्ष पर लगाया था और महिला मतदाताओं को यही कहकर अपनी तरफ करने की कोशिश की थी कि भाजपा ही है जो उनके मंगलसूत्र की रक्षा कर सकती है। श्री मोदी के ऐसे बयानों की प ?र्प्त आलोचना हुई और सवाल उठे कि वे किस तरह मंगलसूत्र को चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। अब मंगलसूत्र के बाद नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर का प्रतीक अपनी रणनीति में शामिल किया है और कमाल देखिए कि इस बार विपक्ष सवाल नहीं उठा रहा, बल्कि सरकार के साथ खड़े होने का दावा कर रहा है। ऐसा होना भी था, क्योंकि विपक्ष आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर न रखकर अ ब स कुछ भी रखा जाता, तब भी विपक्ष का रवैया यही रहता। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर नाम के ऑपरेशन से दूरगामी बाजी जीतने का दांव चल दिया है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पुरुषों को खास तौर पर निशाना बनाया था और खबरें थीं कि उनसे धर्म भी पूछा गया था। इस लिहाज से व्याख्या करें तो हिंदू स्त्रियों की मांग से सिंदूर उजाड़ने का काम आतंकियों ने किया और इसका जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंकियों के ठिकानों को उजाड़ दिया।

दो हफ्तों से देश इंतजार कर रहा था कि कब सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी। इस इंतजार में देश के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का बहाना विघ्नसंतोषियों को मिला और कई कश्मीरी नागरिकों व मुस्लिमों को जबरन प्रताड़ित किया गया। इस पर शहीद नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपील भी की थी कि आतंकियों से बदला लें, लेकिन किसी को धर्म के नाम पर न सताएं। गौरतलब है कि हिमांशी नरवाल पहलगाम हमले में विधवा हुई थीं, 16 अप्रैल को उनका विवाह हुआ था और 22 अप्रैल को उनके पति को आतंकियों ने मार दिया।




उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई, जिसमें वे स्तब्ध अपने पति के शव के पास बैठी हैं। लेकिन इस घटना के बाद भी हिमांशी नरवाल ने हिम्मत का परिचय दिया और अपना दर्द बर्दाश्त करते हुए यही अपील की कि किसी निर्दोष को दर्द न मिले। कायदे से इस बात पर उनकी जी खोलकर सराहना होनी चाहिए थी लेकिन कुंठित सोच और नफरती कुनबे में बदल रहे समाज की तरफ से उन पर ऐसे-ऐसे लांछन लगाए गए जिनकी निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं।

विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में जब हिमांशी नरवाल लोगों से मिल रही थीं तो उनके चेहरे पर जूम कर वीडियो बनाए गए कि उनकी आंखों में दर्द नहीं है। किसी ने लिखा कि ये इतनी आराम से कैसे खड़ी है, जबकि इसका सुहाग उजड़े 20 दिन भी नहीं हुए। एक ट्रोलर ने तो हिमांशी पर आतंकियों से मिले होने तक का बेहूदा इल्जाम लगा दिया कि अपने पति को मरवाने में उसने साथ दिया और अब सरकार से मुआवजा लेकर वह अपने किसी कश्मीरी दोस्त से शादी कर लेगी। यानी जिसकी जैसी मर्जी हुई उसने हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछाला। हालांकि ऐसा करने वालों से ये नहीं देखा कि उन्होंने कितनी हिम्मत से अपने दर्द को समेटा है और समाज को एकजुट रखने की अपील की है। यह देखकर काफी अफसोस हुआ कि हरियाणा या केंद्र की भाजपा सरकार के किसी व्यक्ति ने ऐसे ट्रोलर्स को गलत नहीं कहा या खुलकर हिमांशी नरवाल के साथ वे खड़े हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी ट्वीट कर टोलर्स की बात को गलत तो कहा, लेकिन सरकार से ऐसी कोई अपील नहीं की कि हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछालने वालों के सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रतिबंध लगे। क्या ऐसे लोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा नहीं था, यह सवाल अब भी सरकार के सामने है।

बहरहाल मंगलवार को हिमांशी नरवाल से मिलने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके करनाल स्थित घर पहुंचे। और मंगलवार की आधी रात को ही जब ऑपरेशन सिंदूर किया गया तो इसे हिमांशी समेत उन तमाम महिलाओं की उजड़ी मांग का बदला माना गया, जिनके पति पहलगाम हमले में मारे गए। इस लिहाज से ऑपरेशन सिंदूर इस कार्रवाई के लिए एक सटीक नाम माना जा रहा है और यहां श्री मोदी ने अपने रणनीतिक अंक बढ़वा लिए हैं। इस ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देश और दुनिया को जब बुधवार सुबह औपचारिक तौर पर दी गई तो इसमें भी विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विस्तृत जानकारी दी कि किस तरह पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को चिन्हित किया गया, किस ठिकाने पर कौन से आतंकी संगठन का अड्डा था और पूरे ऑपरेशन में कितना वक्त लगा आदि।

सेना और सरकार की तरफ से यह भी एक माकूल कदम था कि दो महिला सैन्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई। हालांकि सेना में धर्म की पहचान गौण हो जाती है और कर्तव्यपरायणता ही सर्वोपरि रहती है, लेकिन फिर भी कर्नल सोफिया कुरैशी का सामने होना पाकिस्तान को कड़ा संदेश था और साथ ही देश के भीतर बैठे उन अराजक तत्वों को भी नसीहत थी कि धर्म के आधार पर विभाजन करने की कोशिश न की जाए, क्योंकि जब दुश्मनों को जवाब देने की बारी आती है तो भारतीय सेना में शामिल सारे धर्मों के लोग एक साथ मिलकर जवाब देते हैं। सोफिया का मतलब होता है बुद्धि और व्योमिका मतलब है आकाश की बेटी या आकाश में रहने वाली और दिलचस्प संयोग रहा कि भारतीय सेना ने बुद्धि और साहस दोनों के मेल से आकाश के जरिए ही आतंकियों को सबक सिखा दिया है।

भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाश घायल होकर गिरफ्तार, असलहे बरामद

**गाजीपुर। जनपद** के थाना नन्दगंज क्षेत्र में फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई थाना नन्दगंज पुलिस और स्वॉट टीम के संयुक्त अभियान के तहत की गई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर, एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस 32 बोर, मैगजीन सहित तथा एक अवैध तमंचा .315 बोर व एक खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया है। दिनांक 12.05.2025 की सुबह थाना नन्दगंज के थानाध्यक्ष और स्वॉट प्रभारी अपनी टीम के साथ मु0अ0सं0 126/2025 धारा 288, 308(5), 61(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त अमन यादव पुत्र अजय सिंह यादव (निवासी ग्राम सकरा, हाल पता बरहपुर) एवं



अमन यादव पुत्र अंगद यादव (निवासी ग्राम बेलसड़ी, थाना करण्डा) को अवैध असलहे की बरामदगी के लिए ग्राम बरहपुर ले गए थे।

बरामदगी के दौरान दोनों अभियुक्तों ने मौके का फायदा उठाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें दोनों के बाएं पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें तत्काल पीएचसी नन्दगंज भेजा गया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे जेल जाने के डर से भागना चाहते थे, इसलिए उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। अभियुक्तों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए क्षमा की मांग की। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में स्वॉट प्रभारी उ0नि0 रोहित कुमार मिश्रा मय टीम एवं थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता मय टीम शामिल थे। इस संबंध में अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर महाकाली मंदिर में दिव्य गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

## नशा और दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश

**गाजीपुर (मुहम्मदाबाद) – जनपद के** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित नसीरपुर कला हाटा गांव के प्राचीन माता महाकाली मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक दिव्य और भव्य गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन शांतिकुंज, हरिद्वार के "गृह-गृह गायत्री यज्ञ" अभियान के तहत संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। महायज्ञ का संचालन गायत्री परिवार के महिला मंडल की सक्रिय सदस्य श्रीमती मिथिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने यज्ञ प्रारंभ से पूर्व अपने प्रेरक भाषण में समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे नशाखोरी, दहेज प्रथा और दिखावे की जीवनशैली के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने सादगी, संयम और आध्यात्मिकता को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूजा-पाठ केवल आत्मिक शांति का साधन नहीं, बल्कि समाज में



सकारात्मक परिवर्तन का भी माध्यम है। यज्ञ की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक हुई। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आहुतियाँ अर्पित कीं और माता महाकाली से सुख, शांति, समृद्धि और वैश्विक कल्याण की प्रार्थना की। यज्ञ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिभाव, आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से ओतप्रोत हो गया। इस आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार के समर्पित कार्यकताओं के साथ-साथ अनेक स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी अहम भूमिका निभाई। विशेष रूप से सदानंद गुप्ता, हरिनारायण श्रीवास्तव, निर्मला देवी, रामवृक्ष प्रजापति और मंदिर के पुजारी सत्यप्रकाश उर्फ मुकेश जी ने आयोजन की समुचित व्यवस्था व संचालन में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा समस्त श्रद्धालुओं, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों को उनके सहयोग व सहभागिता के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह आयोजन जहां एक ओर धार्मिक श्रद्धा का केंद्र रहा, वहीं दूसरी ओर यह सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ। इसने समाज को एक नई दिशा देने और सकारात्मक बदलाव की ओर प्रेरित करने का कार्य किया।

# गंदगी में डूबी मां मंदाकिनी

## सीमांकन से बैराज तक वादे धरे के धरे

**फोटो खिंचाने में व्यस्त समाजसेवी संगठन**



गंदगी से पटाक्षेप मां मंदाकिनी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली मंदाकिनी नदी आज बदहाली के गहरे दलदल में डूबी है। कभी श्रद्धा और आस्था का प्रतीक रही यह पावन धारा अब कूड़े-कचरे, नालों और प्लास्टिक की बोरियों से अटी पड़ी है। घाटों पर गंदगी के ढेर, नदी के हर मोड़ पर फैली बदबू और जगह-जगह बहते सीवर के नाले इस बात की गवाही दे रहे हैं कि मां मंदाकिनी अब सिर्फ उपेक्षा की धारा बनकर रह गई है।

कई सालों से मंदाकिनी पुनर्जीवन के नाम पर वादों की फेहरिस्त बनती रही- सीमांकन होगा, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा, नदी से अवरोध हटाए जाएंगे, बंधोइन बांध की जगह बैराज बनेगा, सरयू और पयस्विनी जैसी सहायक नदियां अतिक्रमण से मुक्त कराई जाएंगी और नदी किनारे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। मगर हकीकत है कि ये तमाम वादे या तो फाइलों में सजे हैं या फिर बोर्डों पर टंगे फोटो फ्रेम बनकर रह गए हैं।

जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई अब तक नजर नहीं आई। सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की बातें वर्षों से हो रही हैं, लेकिन शहर का गंदा पानी आज भी सीधे मंदाकिनी में गिर रहा है। बंधोइन बांध जो खुद ही नदी की धारा को रोक रहा है, उसे हटाकर बैराज बनाने का प्रस्ताव भी अधर में लटका है। पयस्विनी जैसी सहायक नदियां भी अतिक्रमण की शिकार होकर दम तोड़ रही हैं। कहीं मकान तो कहीं खेत नदी की छाती पर कब्जा जमाए बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।

सबसे दुखद पहलू यह है कि इस गंदगी पर भी सिर्फ दिखावा हो रहा है। समाजसेवी संगठन साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ कैमरों के सामने झाड़ू चलाते हैं और फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर वाहवाही लूट लेते हैं। नतीजा यह है कि आज मां मंदाकिनी पूरी तरह से गंदगी से सराबोर हो गई है। हर घाट, हर कोना, हर बहाव अब सड़ांध मार रही है। श्रद्धालुओं की आस्था और पर्यावरण दोनों ही खतरे में हैं। अब सवाल यह नहीं कि वादे क्या हैं, बल्कि यह है कि इन वादों को जमीन पर कब उतारा जाएगा? मां मंदाकिनी को बचाने के लिए सिर्फ भाषण और अभियान नहीं, जमीनी प्रतिबद्धता और व्यापक जनसहभागिता की जरूरत है। अगर अब भी नींद न खुली, तो एक दिन यही नदी हमारी बेपरवाही की सबसे गंदी गवाही बन जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### पियरियामाफी में हाईटेंशन तार पर गिरा महुआ का पेड़, बड़ा हादसा टला, कई पोल व तार टूटे



**रामनगर/चित्रकूट।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पियरियामाफी के शिक्षकपुरम मोहल्ले में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक बड़ा हादसा बाल-बाल टल गया। गांव के वरिष्ठ पत्रकार हरी नारायण पांडेय के घर के पीछे स्थित एक महुआ के पेड़ की डाल अचानक टूटकर सीधे 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर जा गिरी, जिससे बिजली की लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई और कई पोल, क्रॉसआर्म व तार क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि उस वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था, वरना यह हादसा किसी की जान ले सकता था। तेज आवाज के साथ गिरी हाई वोल्टेज लाइन ने आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मचा दी। तार के खिंचाव की वजह से पियरियामाफी के साथ-साथ सिकरी और अतरसुई के मजरा नोनागर सहित कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को अलर्ट किया। पावर हाउस छीबों, नोडल अधिकारी छीबों, जेई छीबों, एसडीओ मऊ और एक्सईएन राजापुर को फोन कर अविलंब मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा विभागीय लापरवाही का नतीजा है, क्योंकि समय रहते पेड़ों की छंटाई नहीं की जाती और न ही पुराने पोलों की स्थिति की जांच होती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल, पूरा क्षेत्र बिजली के इंतजार में है और ग्रामीण गर्मी और अंधेरे के बीच बिजली विभाग की राहत टीम की राह देख रहे हैं।

### ड्यूटी से लौटते वक्त हादसा, लाइनमैन मोनू कुमार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



**रामनगर/चित्रकूट।** पावर हाउस छीबों में तैनात लाइनमैन मोनू कुमार शनिवार रात ड्यूटी से लौटते वक्त सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। मऊ थाना क्षेत्र के सुरौंधा गांव के पास उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से मोनू को तत्काल मऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ज्ञात है कि मोनू कुमार जेई अजीत भट्ट को रात में कर्वी छोड़ने गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ। देर रात जब वह अकेले बाइक से वापस आ रहे थे, तभी सुरौंधा के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोनू सड़क पर दूर जा गिरा और बेहोश हो गया। पावर हाउस छीबों के कर्मचारियों का कहना है कि मोनू की हालत नाजुक बनी हुई है और फिलहाल प्रयागराज के स्वरूपरानी अस्पताल में उनका इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही सहकर्मियों और परिजनों में बेचैनी फैल गई। दुर्घटना के बाद जब इस संदर्भ में जेई अजीत भट्ट और एसडीओ से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो किसी का फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे विभागीय जिम्मेदारों की संवेदनहीनता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# मोह माया से मुक्ति की ओर- सांसद आवास पर मनाई गई बुद्ध जयंती

- अहिंसा व करुणा के प्रतीक भगवान बुद्ध
- श्रद्धा और प्रेरणा का संगम



भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल के आवास पर बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर तथागत भगवान महात्मा बुद्ध की जयंती धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा, जहां श्रद्धालुओं ने बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि का सामूहिक जाप कर भगवान बुद्ध को स्मरण किया।

अपने संबोधन में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने भगवान बुद्ध के त्याग, तपस्या और ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मात्र 29 वर्ष की आयु में सांसारिक मोह-माया को त्यागकर बुद्ध ज्ञान की तलाश में निकल पड़े थे। बोधगया में लंबी तपस्या और गहन ध्यान के माध्यम से उन्होंने आत्मज्ञान प्राप्त किया और संसार को दुःख से मुक्ति का मार्ग दिखाया। बताया कि भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से जीवन को सही दिशा देने की शिक्षा दी, जिसमें सही विचार, सही वाणी, सही आचरण और सही ध्यान जैसे मूल तत्व सम्मिलित हैं। सांसद ने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध की करुणा व अहिंसा की सीख और भी प्रासंगिक है। समाज से आग्रह किया कि बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाकर हम एक समरस और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम में श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील पटेल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, इंजीनियर राजेश सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडे, मनोज पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, होरीलाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।




## शिक्षा से बदलाव की उड़ान- लोधी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान

**चित्रकूट।** कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी में एक प्रेरणादायक आयोजन में लक्ष्य टीम चित्रकूट ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट उत्तीर्ण लोधी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी ब्रह्मानंद और रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं को फूल-मालाएं पहनाकर, गोल्ड मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा व करियर गाइडेंस को केंद्र में रखते हुए लक्ष्य टीम के जिला अध्यक्ष शंकर दयाल राजपूत ने कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का है और लोधी समाज के बच्चों को शिक्षा के जरिए समाज व देश को नई दिशा देनी होगी। कहा कि यदि किसी छात्र या छात्रा की आर्थिक स्थिति कमजोर है लेकिन पढ़ाई के प्रति समर्पित हैं, तो लक्ष्य टीम हरसंभव सहायता करेगी। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि लोधी समाज के बच्चे आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और ऐसे आयोजनों से उन्हें न सिर्फ प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कार्यक्रम में जागेश्वर राजपूत, सीबी सिंह राजपूत, शिव गणेश राजपूत, दिनेश राजपूत, सरवन राजपूत, हजारीलाल राजपूत, मीडिया प्रभारी हिमांशु राजपूत सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, समाज के प्रबुद्धजन और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विधायक अविनाश चंद्र दिवेदी ने दिखाया जनसेवक का जज्बा



ग्रामीणों के साथ मौके पर विधायक



आग से क्षतिग्रस्त घर

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर के विधायक आदरणीय अविनाश चंद्र दिवेदी ने एक बार फिर जनसेवा की मिसाल पेश की है। अस्वस्थता की हालत के बावजूद, मंगलवार को लौढिहा माफी मजरा बराछी के कुशल का पुरवा पहुँचे, जहाँ लखन प्रजापति के घर आग लगने की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही, विधायक ने न केवल मौके पर पहुँचकर पीड़ित परिवार का हाल जाना, बल्कि तत्क्षण संबंधित अधिकारियों से बात कर राहत और सहायता की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता देखकर ग्रामीणों ने राहत की साँस ली। विधायक दिवेदी की यह तत्परता दर्शाती है कि जनप्रतिनिधि होने का अर्थ केवल पद या शक्ति नहीं, बल्कि जमीन पर उतरकर जनता के साथ खड़े रहना होता हैकृवह भी तब जब खुद स्वास्थ्य साथ न दे।

# मॉडलिंग में चमकी चित्रकूट की चिंगारी, अमेरिका में होगी अग्निपरीक्षा

- चित्रकूट की बेटी मीनाक्षी सिंह ने रचा इतिहास
- बनीं मिस साउथ एशिया यूनिवर्स

**अखंड भारत संदेश**



पारिवारिक जनों के साथ मीनाक्षी सिंह

**चित्रकूट।** जिले के सरधुवा गांव की मूल निवासी व नयागांव, बिरसिंहपुर (मप्र) में निवासरत मीनाक्षी सिंह ने अपने हुनर और आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को चौंका दिया है। दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित मिस साउथ एशिया यूनिवर्स प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने अपने सौंदर्य, प्रतिभा और आत्मबल के दम पर न सिर्फ विजेता का ताज पहना, बल्कि अब वे भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अमेरिका में होने जा रही मिस एशिया यूनिवर्स प्रतियोगिता की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं। सोमवार को जब यह चित्रकूट की शान दिल्ली से विजेता बनकर पहली बार चित्रकूट स्टेशन पहुँची, तो उनके स्वागत में मानो धर्मनगरी का कण-कण उमड़ पड़ा। स्वजन, शुभचिंतक और क्षत्रिय समाज के लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत कर यह जता दिया कि मीनाक्षी अब सिर्फ एक नाम नहीं, एक प्रेरणा बन चुकी हैं।

मीनाक्षी सिंह ने बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से इस खिताब की तैयारी कर रही थीं और बचपन से ही उन्हें डांसिंग व मॉडलिंग का जुनून था। हालांकि शुरूआत में माता-पिता को यह करियर रास नहीं आया, लेकिन जब उन्होंने अपनी मेहनत, योजना और जुनून की कहानी साझा की तो परिवार ने उनका पूरा साथ दिया। यहीं से मीनाक्षी की उड़ान शुरू हुई और मिस टीन ऐज (क्वीन ऑफ द हट्र्स), मिस टीन इंडिया और मिस टीन एमपी जैसे खिताबों को जीतने के बाद अब उन्होंने पूरे साउथ एशिया में अपना परचम लहराया है। अनुपमा स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर चुकीं मीनाक्षी सिंह सिर्फ मॉडलिंग की दुनिया में नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान में भी रच रही हैं मिसाल। मीनाक्षी अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और परिवार का यह संघर्ष और सामाजिक सक्रियता आज उनके व्यक्तित्व की ठोस नींव बनकर उभरी है। अब अमेरिका में होने वाली मिस एशिया यूनिवर्स प्रतियोगिता के लिए चयन का अंतिम चरण मई में दिल्ली में होगा और इसके बाद चार माह में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम फहराने मीनाक्षी रवाना होंगी। चित्रकूट से लेकर दिल्ली और अब अमेरिका तक, मीनाक्षी की यह यात्रा न सिर्फ ग्लैमर की कहानी है, बल्कि यह उस जिद, मेहनत और आत्मबल की कहानी है जो छोटे शहरों की बेटियों को भी दुनिया की सबसे ऊँची मंजिलों तक पहुँचा सकती है।

# कांग्रेस की हुंकार : शहीदों को याद रखो, नहीं तो इतिहास माफ नहीं करेगा

- गूंजा वीरों का जयघोष
- शहीदों को सलाम




शहीदों को नमन करते कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत-पाक संघर्ष में शहीद हुए वीर जवानों व निर्दोष नागरिकों को शहीद स्मारक पार्क में सोमवार को श्रद्धांजलि देकर न सिर्फ सम्मान जताया, बल्कि एक सशक्त सियासी संदेश भी दिया। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल (एडवोकेट) ने अपने भावुक और दमदार भाषण में कहा कि भारत माता की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को याद रखना सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि हर नागरिक का राष्ट्रधर्म है। उन्होंने तीखा सवाल उठाया कि क्या देशभक्ति अब सिर्फ नारों व आयोजनों तक सीमित रह गई है? क्या सत्ता में बैठे लोगों को शहीदों के परिवारों की सुध लेने की भी फुर्सत नहीं?

उन्होंने कहा कि जब सत्ता मौन है, तब विपक्ष को आगे आकर देश के असली नायकों को याद दिलाना पड़ता है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर मौजूद कार्यकताओं ने जोरदार तालियों और भारत माता की जय के नारों से उनका समर्थन किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित तमाम कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि जब तक सांस है, तब तक शहीदों की कुर्बानी को भुलाने नहीं देंगे और उनके सपनों का भारत बनाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और गगनभेदी नारों के साथ हुआ, जिसने यह साफ कर दिया कि वीरों की कुर्बानी को भुलाना अब मुमकिन नहीं होगा। इस मौके पर श्रीमती रंजना बराती लाल पांडे, सविता पाल, अवधेश करवरिया, धीरज सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद, विजय मणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश गुप्ता, राज मिश्रा, अनूप पांडे, अनुज, सचिन सहित दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# तुलसी जयंती पर तुलसी की प्रतिमा स्थापना चित्रकूट में ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में बोलते संगठन सचिव प्रमोद महाजन

**चित्रकूट।** जिले के गनीवां स्थित दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से भव्य बैठक की गई। बैठक तुलसीदास जी की प्रतिमा स्थापना के प्रस्तावित आयोजन को लेकर बुलाई गई थी, जिसमें जिले व क्षेत्र के करीब 75 गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पार्चन से हुआ, जिसने इस आयोजन की गरिमा को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुंचाया।

बैठक की महत्वपूर्ण घोषणा राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने की, जिन्होंने बताया कि 31 जुलाई को तुलसी कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टिकोण से इसलिए भी ऐतिहासिक बनने जा रहा है क्योंकि इस दिन ह्लसंत मोरारी बापू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। प्रतिमा स्थापना को जन-आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए महाजन ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक गांव और हर परिवार की सहभागिता की जाएगी। इसके लिए सम्पूर्ण जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए जाएंगे। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि यह आयोजन न केवल एक मूर्ति स्थापना है, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था के केन्द्रबिंदु तुलसीदास की विचारधारा को जनमानस तक पहुँचाने का प्रयास है। बैठक में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, आरके सिंह पटेल, विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल समेत अनेक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को जन कार्यक्रम बनाने की बात कही। जिला संघ चालक रामाधार जी ने जोर देकर कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक संस्था का नहीं, बल्कि हर ग्रामवासी का होना चाहिए। बैठक में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह, वैज्ञानिक कमलाशंकर शुक्ल, समाज शिल्पी दम्पति प्रभारी डॉ अशोक पाण्डेय, विजय गौतम, राजेन्द्र सिंह, हरीराम सोनी समेत तमाम वैज्ञानिक और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# हमास इजरायली बंधक को रिहा करेगा: अमेरिका



**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने सोमवार कहा कि अमेरिका ने इजरायल को बताया कि हमास बंधक एडन अलेक्जेंडर को बिना किसी शर्त या मुआवजे के रिहा करेगा।

अमेरिका ने इसे एक सद्भावना संकेत बताया है। अमेरिका का मानना है कि इससे भविष्य में बड़ी वाताओं का रास्ता खुल सकता है। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार हमास अमेरिकी नागरिक और इजरायली सैनिक एडन अलेक्जेंडर को मंगलवार को बिना किसी सौदे के रिहा कर सकता है। यह पहली बार होगा जब किसी बंधक की रिहाई बिना फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली के हो रही है।

गौरतलब है कि एडन को सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने अगवा किया था। इस समय हमास ने इजरायल में घुस कर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर लगभग 1,200 लोग की हत्या कर दी थी और इस दौरान हमास के लड़ाकों ने 250 लोगों को बंधक बना लिया था। अमेरिका ने इजरायल को बताया है कि यह कदम ह्यविटकॉफ योजनाह्ल के तहत बड़ी बातचीत की शुरूआत हो सकता है, जिसे इजरायल पहले ही मंजूरी दे चुका है। इस योजना में बंधकों की चरणबद्ध रिहाई के बदले लंबे संघर्षविराम का प्रस्ताव है।मार्च में पेश की गई ह्यविटकॉफ योजनाह्ल के तहत लगभग आधे जीवित बंधकों की रिहाई के बदले 50 दिन के संघर्षविराम को और आगे की बातचीत का प्रस्ताव है। यह योजना हमास की गाजा से पूरी इजरायली वापसी या फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग को शामिल नहीं है। इजरायल ने कहा है कि वह अन्य बंधकों की संभावित रिहाई के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत युद्ध के बीच ही जारी रहेगी, जो उसकी मौजूदा सैन्य नीति का हिस्सा है।

उधर, हमास ने कहा है कि उसने अमेरिकी अधिकारियों से चर्चा के बाद एडन अलेक्जेंडर को रिहा करने पर सहमति दी है। हमास ने इसे संघर्षविराम, सीमाओं को फिर से खोलने, और गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने की व्यापक कोशिशों का हिस्सा बताया है। बंधक और लापता परिवार फोरम ने अलेक्जेंडर की संभावित रिहाई का स्वागत किया है।

## मालदीव ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए भारत का जताया आभार, अब्दुल्ला खलील बोले- गहरी दोस्ती का प्रतीक



**माले। मालदीव** के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद के लिए भारत सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार जताया। उन्होंने मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती का जिक्र करते हुए कहा कि यह सहायता हमारी आर्थिक मजबूती में सहयोग देगी।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मैं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की।"

उन्होंने आगे कहा, "यह समय पर दी गई सहायता मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती को दशार्ती है और आर्थिक मजबूती के लिए सरकार के वित्तीय सुधारों को लागू करने के प्रयासों में सहयोग देगी।"

मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने बीते साल सितंबर में बताया था कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को एक और साल के लिए बढ़ाकर बजटीय सहायता दी है।

बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल अक्टूबर में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आए थे। नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार जताया था।

## पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधे वार्ता का प्रस्ताव रखा, जेलेंस्की ने संघर्ष विराम की शर्त रखी

**रूस- तीन** साल में पहली बार रूस ने यूक्रेन के साथ बिना शर्त सीधी बातचीत की पेशकश की है. हालांकि यूक्रेन ने पहले पूरी तरह संघर्ष विराम की मांग रखी है. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन के साथ सीधे वार्ता करने का प्रस्ताव रखा. उन्होंने कहा कि यह वार्ता 15 मई को तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित होगी. पुतिन का कहना है कि यह वार्ता बिना किसी शर्त के होगी और इसका उद्देश्य "स्थायी शांति" स्थापित करना है. रूसी सेना ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था, तब से यह युद्ध जारी है. यूक्रेन युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों सैनिकों की मौत हो चुकी है. पुतिन के इस प्रस्ताव को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने "सकारात्मक संकेत" कहा, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि रूस को पहले संघर्ष विराम पर सहमति देनी होगी. जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "यह एक सकारात्मक संकेत है।

## इमरान की रिहाई के लिए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने अदियाला जेल से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री आसिफ अली अमीन गंडापुर की याचिका खारिज कर दी है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक याचिका में श्री खान को पैरोल पर रिहा करने की मांग की गयी थी, लेकिन बुनियादी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने के कारण खारिज कर दिया गया। रजिस्ट्रार कार्यालय ने आपत्ति जतायी कि याचिका पीड़ित व्यक्ति ने स्वयं दायर नहीं की गयी थी और इसमें श्री खान को पक्षकार के रूप में भी नामित नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त जिस मामले में वह सजा काट रहे हैं, उसमें अभियोजन प्राधिकरण - को प्रतिवादी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया था। रजिस्ट्रार ने नोट किया कि शामिल पक्षों के पूर्ण पते अनुपस्थित थे और एक दोषी व्यक्ति की ओर से राहत पाने का प्रयास करने वाले तीसरे पक्ष की कानूनी स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की।

## यूएसएड में कटौती से बांग्लादेश का स्वास्थ्य क्षेत्र संकट में

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** को उम्मीद थी कि इस साल वह टीबी उन्मूलन के लिए चल रही कोशिशों में अपनी सफलताओं से संतुष्ट होगा. ट्रंप प्रशासन ने ढाका को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता में 4.8 करोड़ डॉलर की कटौती कर उसे संकट में डाल दिया है.

बांग्लादेशी अधिकारियों को उम्मीद थी कि इस साल दक्षिण एशियाई देश में टीबी के खिलाफ लड़ाई और भी अधिक सफल होगी. ऐसा इसलिए भी माना गया क्योंकि सरकार ने इस बीमारी से देश भर में हर साल होने वाली मौतों की संख्या को कई हजार तक कम करने का लक्ष्य हासिल कर लिया था.

डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद कई क्षेत्रों में बाहरी दुनिया को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता को समाप्त करने या उसमें भारी कटौती करने की घोषणा की, तो इस कदम का बांग्लादेश जैसे देशों पर भी बड़ा असर पड़ा.

सालों की मेहनत बर्बाद होने का खतरा

बांग्लादेश को संयुक्त राज्य अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) से 4.8 करोड़ डॉलर की सहायता मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इसमें कटौती कर दी गई. फंडिंग में कटौती पर बांग्लादेश के स्वास्थ्य कार्यकताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि इससे उनकी सालों की कड़ी मेहनत और अब तक की उपलब्धियों पर पानी फिरने का खतरा है. इतना ही नहीं, अब हजारों लोगों की मौत का खतरा भी पैदा हो गया है, जिसे इन



सहायता राशियों का इस्तेमाल उनके इलाज में करके टाला जा सकता था.

ढाका में मजदूर मोहम्मद परवेज ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, "डॉक्टरों ने मुझे बताया कि मैं बहुत गंभीर प्रकार के टीबी के संक्रमण से पीड़ित हूं." अस्पताल के बिस्तर पर लेटे और बुरी तरह खांसते हुए परवेज कहते हैं, "मेरा इलाज जीवन रक्षक दवाओं से किया जा रहा है, जो यूएसएआईडी कार्यक्रम के तहत अस्पताल को उपलब्ध कराई गई थीं."

परवेज को जो रोग हुआ है, उसमें रोगाणुओं ने कई दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है, और उन्हें इलाज के लिए लगभग एक साल तक अस्पताल में ही रहना पड़ेगा. उनके डॉक्टर भी उनकी बीमारी से संबंधित हर विवरण का नियमित रिकॉर्ड रख रहे हैं. अब समस्या यह है कि परवेज को यह पता नहीं है कि उनका इलाज कब तक चल पाएगा.

ढाका का यह अस्पताल जहां परवेज का इलाज चल रहा है, विशेष रूप से टीबी रोगियों के इलाज के लिए जाना जाता है. अमेरिका ने इस अस्पताल के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए हैं।

## उत्तर कोरिया के मानवाधिकार उल्लंघन पर संयुक्त राष्ट्र चिंतित, उच्च स्तरीय बैठक का ऐलान



**सोल। युक्त** राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) उत्तर कोरिया में मानवाधिकार हनन और उल्लंघन को लेकर फिक्रमंद है। यही वजह है कि इस विषय पर वो जल्द उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करेगा।

राजनयिक और नागरिक समूह के सूत्रों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एक पत्र के जरिए यह बताया गया है कि यूएनजीए अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने आगामी 20 मई को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करने की घोषणा की है।

सूत्रों की मानें तो इस बैठक का उद्देश्य पिछले साल दिसंबर में अपनाए गए प्रासंगिक यूएनजीए प्रस्ताव पर चर्चा करना है। इसमें उत्तर कोरिया के मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर बात हुई थी।

योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि यह पहली बार है कि उत्तर कोरिया में मानवाधिकार की वर्तमान स्थिति को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। सितंबर 2014 में यूएनजीए सत्र के दौरान इसी विषय पर उच्च स्तरीय बैठक की गई थी, जिसकी मेजबानी दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सरकारों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय के साथ की थी।

2018 के बाद से उत्तर कोरिया के खिलाफ कोई नया प्रतिबंध पारित नहीं किया गया है। मई 2022 में, रूस और चीन ने उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों के जवाब में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रस्तावित एक नए प्रतिबंध पैकेज को वीटो कर दिया, जो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन है।

विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने योनहाप समाचार एजेंसी को बताया कि मंत्रालय वर्तमान में सोल से एक वरिष्ठ अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत या किसी अन्य प्रतिनिधि को बैठक में भेजने के विकल्पों की समीक्षा कर रहा है।

## पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ फतह मिसाइल दागे जाने की पुष्टि की



**इस्लामाबाद। मपाकिस्तान** ने भारत के खिलाफ हमलों में लंबी दूरी की फतह मिसाइलों एफ1 और 2 का इस्तेमाल किये जाने की रविवार की रात पुष्टि की।

आईएसपीआर महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने भारत के खिलाफ अपने हमलों में पाकिस्तानी सेना की सटीक निर्देशित लंबी दूरी की फतह मिसाइलों एफ1 और 2 के साथ-साथ सटीक गोला-बारूद, लंबी दूरी के लोइटरिंग किलर गोला-बारूद और लंबी दूरी की तोपों का इस्तेमाल किया है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ सैन्य अभियान में साइबर-आक्रामता का भी इस्तेमाल किया और कई पाकिस्तानी सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए, जिसका कोडनेम ह्यऑपरेशन बनयान उम मार्सोसह्ल था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के पास बहुत परिष्कृत, आला सैन्य तकनीक का पर्याप्त सेट है, जिनमें से केवल कुछ का ही इस्तेमाल हमले में किया गया था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) के महानिदेशक जनसंपर्क (डीजीपीआर) एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद और नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख (संचालन) वाइस एडमिरल राजा रब नवाज भी मौजूद रहे।

## मोहम्मद यूनुस सरकार ने अवामी लीग की गतिविधियों पर लगाया प्रतिबंध



**ढाका। बंगलादेश** की अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद ने देश के आतंकवाद निरोधक अधिनियम के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी की सभी गतिविधियों पर तब तक प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जब तक कि अपदस्थ पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मुकदमा पूरा नहीं हो जाता।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्णय सरकार के राजनीतिक सहयोगियों जैसे बीएनपी, बीजेआई, एनसीपी और इस्लामी दलों द्वारा तीन दिनों के प्रदर्शनों के बाद परिषद की एक विशेष बैठक में लिया गया, जिसमें अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान कथित अत्याचारों के लिए उस पर मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।

अंतरिम सरकार की ओर से शनिवार को पार्टी पर प्रतिबंध लगाने संबंधी औपचारिक बयान जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि अवामी लीग पर प्रतिबंध देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करने, जुलाई अभियान के नेताओं और कार्यकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के वादी और गवाहों की सुरक्षा के लिए लगाया गया है।

## बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के 51 स्थलों पर हमले की ली जिम्मेदारी



**बलूचिस्तान। बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 51 से अधिक स्थानों पर 71 हमलों की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने हमले वाली जगह को "बलूचिस्तान ऑक्यूपाइड" बताया है।

बीएलए ने एक बयान में चेतावनी दी कि दक्षिण एशिया में नया आदेश अनिवार्य हो गया है और क्षेत्र में बड़े बदलाव होने वाले हैं।

बीएलए ने विदेशी ताकतों का हाथ होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के रणनीतिक परिदृश्य में एक गतिशील और निर्णायक पक्ष है।

इन हमलों में पाकिस्तानी सैन्य काफिलों, खुफिया केंद्रों और खनिज परिवहन कार्यों को निशाना बनाया गया, ताकि इस संसाधन-संपन्न प्रांत पर इस्लामाबाद के नियंत्रण को चुनौती दी जा सके।

बीएलए ने कहा, "हम इस विचार को सिरे से खारिज करते हैं कि बलोच राष्ट्रीय प्रतिरोध किसी देश या शक्ति का प्रॉक्सी है।"

उन्होंने आगे कहा, "बीएलए न तो मोहरा है और न ही मूक दर्शक। हमें इस क्षेत्र के वर्तमान और भविष्य के सैन्य, राजनीतिक और रणनीतिक गठन में अपना उचित स्थान प्राप्त है और हम अपनी भूमिका से पूरी तरह वाकिफ हैं।"

पाकिस्तान पर कपट और धोखे का आरोप लगाते हुए बीएलए ने कहा कि इस्लामाबाद अपनी युद्ध नीति को शांति और भाईचारे की बातों के पीछे छुपाता है।

बीएलए ने कहा, "पाकिस्तान की हर शांति, युद्धविराम और भाईचारे की बात केवल एक छलावा, युद्ध रणनीति और अस्थायी चाल है।"

उन्होंने भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की "धोखेबाज शांति की बातों" में न फंसने की चेतावनी दी।

बीएलए ने पाकिस्तान को "एक ऐसा देश" बताया, "जिसके हाथ खून से सने हैं और जिसका हर वादा खून से लथपथ है।"

बीएलए के प्रवक्ता जींद बलूच ने कहा कि हाल के हमले केवल विनाश के लिए नहीं थे, बल्कि युद्धक्षेत्र में तैयारियों को परखने के लिए किए गए थे। उन्होंने कहा, "इस सप्ताह की शुरूआत में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के चरम के दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना के लिए एक नया मोर्चा खोल दिया। बीएलए ने कब्जे वाले बलोचिस्तान में 51 से अधिक स्थानों पर 71 समन्वित हमले किए, जो कई घंटों तक चले।" उन्होंने आगे कहा, "इन हमलों का उद्देश्य केवल दुश्मन को नष्ट करना नहीं था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:

9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## आप्रवासियों का देश में घुसना कठिन बना रहा है ब्रिटेन

**ब्रिटेन**

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने सोमवार को देश की शरणार्थी नीति सख्त बनाने की घोषणा की है. ब्रिटेन शरणार्थियों पर रोक लगा कर देश में दक्षिणपंथ के लिए बढ़ते समर्थन पर लगाम कसना चाहता है.

नई शरणार्थी नीति के जरिए ब्रिटेन "आखिरकार सीमाओं का नियंत्रण वापस लेने" की तैयारी कर रहा है. लेबर पार्टी के नेता स्टार्मर ने घोषणा की है कि वे "खुली सीमाओं के प्रयोग" को खत्म कर रहे हैं. पिछली रुढ़िवादी सरकार के दौर में ब्रिटेन में करीब 10 लाख और आप्रवासी आ गए. रुढ़िवादी सरकार को पिछले आम चुनाव में हार मिली थी.

ब्रिटेन जाने की ऐसी दिवानगी

आप्रवासन घटाने पर जोर

सरकार ने आप्रवासन नीति पर जो दस्तावेज पेश किया है उसमें विदेशी केयर वर्करों की संख्या घटाने की बात है. इसके साथ ही ब्रिटेन में बसने या फिर नागरिकता के लिए जरूरी समय सीमा को पांच साल से बढ़ा कर 10 साल करने की बात है. इसके साथ ही अंग्रेजी भाषा ज्ञान के नियमों को भी सख्त बनाया जा रहा है. सभी वयस्क आश्रितों को इसकी बुनियादी समझ दिखानी होगी. इतना ही नहीं छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद ब्रिटेन में रहने के लिए मिलने वाली अवधि को भी घटाया जा रहा है. भारत समेत कई देशों के नागरिक इससे प्रभावित होंगे.

स्टार्मर ने कहा है कि ये नीतियां, "आखिरकार हमारे देश की सीमाओं का नियंत्रण" अपने हाथ में ले लेंगी. यह वही नारा है जो 2016 में यूरोपीय संघ से बाहर निकलने से पहले देश में गूंजा था.



लेबर पार्टी ने पिछले साल अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि वह आप्रवासियों की संख्या को प्रमुख रूप से घटाएगी. पिछले साल जून से पहले के 12 महीनों में यह संख्या 7,28,000 थी. 2023 में यह संख्या सबसे ज्यादा 9,06,000 पर पहुंच गई थी. 2010 के दशक के ज्यादातर सालों में यह संख्या औसत रूप से करीब 2,00,000 थी.

दक्षिणपंथी राजनीति का बढ़ती लोकप्रियता

स्टार्मर राजनीति में उतरने से पहले मानवाधिकार मामलों के वकील थे. उन्होंने ब्रिटेन के यूरोपीय संघ में रहने के पक्ष में वोट दिया था. बीते कुछ समय से स्टार्मर पर दबाव बढ़ गया है. हाल ही में ब्रिटेन की आप्रवासी विरोधी रिफॉर्म पार्टी को स्थानीय चुनावों में बड़ी सफलता मिली.

फ्रांस और ब्रिटेन के बीच आप्रवासियों को लेकर गहरा रहा विवाद

यूरोपीय संघ के प्रति आशंकित रहने वाले निगेल फराज की पार्टी ने 670 से ज्यादा स्थानीय परिषदों की सीटें जीत ली और पहली बार दो मेयर पद का चुनाव भी जीता. पार्टी राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में भी काफी आगे चल रही है जबकि लेबर पार्टी को संघर्ष करना पड़ रहा है. स्टार्मर का आप्रवासियों के खिलाफ कदम उठाना लेबर पार्टी के उदारवादी समर्थकों को उनसे दूर कर सकता है. उदारवादी वामपंथी धड़े में लिबरल डेमोक्रैटिक पार्टी और ग्रीन पार्टी के वोट बढ़ रहे हैं.

प्रधानमंत्री का कहना है कि आप्रवासी ब्रिटेन में, "विशाल योगदान" करते हैं. हालांकि उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि देश ने अगर ज्यादा नियंत्रण नहीं लागू किए तो यह "अपरिचितों का द्वीप" बन जाएगा. उनका कहना है कि वह 2029 में अगले आम चुनाव से पहले आप्रवासन को "प्रमुखता" से घटाना चाहते हैं, लेकिन कितना यह नहीं बताया.

हर तरफ से होगी आप्रवासन पर सख्ती

लंदन की एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, "आप्रवासन तंत्र के हर क्षेत्र को कठोर बनाया जाएगा जिसमें काम, परिवार और पढ़ाई भी शामिल है."

आप्रवासन की नई नीति में देश में अपराध करने वाले आप्रवासियों को डिपोर्ट करने के लिए नए अधिकार देने की भी बात है. फिलहाल विदेशी नागरिकों को सिर्फ जेल की सजा मिलने की सरकार को जानकारी होती है।